

“भारत हमेशा से ही एक हिंदू राष्ट्र रहा है” पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में आवेदन आमंत्रित पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 145 | शनिवार 16 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# भारत में पांच अरब डॉलर निवेश करेगा यूएईय रक्षा

## -ऊर्जा और गैस सप्लाई पर हुए कई अहम समझौते

(एजेंसी) अबूधाबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री के इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। दोनों नेता आपसी संबंधों, ऊर्जा सहयोग और दोनों देशों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। बता दें कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से पांच देशों के दौरे पर हैं। इस विदेश दौरे में पीएम मोदी सबसे पहले संयुक्त अरब अमीरात का दौरा कर रहे हैं, इसके बाद वे नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री के इन दौरों का उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, नवाचार और हरित विकास के क्षेत्र में भारत की रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करना है। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री नीदरलैंड का दौरा करेंगे। वर्ष 2017 के बाद यह प्रधानमंत्री की नीदरलैंड की दूसरी यात्रा होगी। जॉर्ज ने बताया कि इस यात्रा के दौरान, वे नीदरलैंड के किंग विलेम–अलेक्जेंडर और क्वीन मैक्सिमा से मुलाकात करेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री रॉब जेटन के साथ भी बातचीत करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी स्वीडन के गोथेनबर्ग शहर जाएंगे। वहां वे अपने स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों देश व्यापार और सहयोग बढ़ाने के



नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और स्वीडन के प्रधानमंत्री यूरोपीय उद्योग जगत के बड़े मंच श्यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्रीश को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भी मौजूद रहेंगी। यात्रा के चौथे चरण में प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को नॉर्वे पहुंचेंगे। वहां वे तीसरे भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और कई द्विपक्षीय बैठकों में भी शामिल होंगे। दौरे के आखिरी चरण में प्रधानमंत्री मंगलवार को इटली जाएंगे। इटली में वे राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बातचीत करेंगे। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एफ16 जेट विमानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान को एस्कॉर्ट किया जब वह 15 से 20 मई तक अपनी पांच देशों की यात्रा के हिस्से के रूप में यूएई के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आपके स्वागत के लिए मैं आपका तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। जैसा कि आपने कहा – मैं अपने दूसरे घर में आया हूं। यह भावना मेरे जीवन में बहुत महत्व रखती है। आज आपके वायुसेना के जेट विमानों ने मुझे सुरक्षा प्रदान की। यह भारत की जनता के लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की उपस्थिति में भारत और यूएई ने समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान किया। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, श्मैं आपसे फोन पर बात करता रहता था, लेकिन मैं आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए बहुत उत्सुक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा, गैस सप्लाई और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश से जुड़े कई अहम समझौते हुए। यूएई ने भारत में पांच अरब डॉलर के निवेश का भी एलान किया है। भारत और यूएई के बीच स्ट्रैटेजिक डिफेंस पार्टनरशिप पर समझौता हुआ। इससे रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग और मजबूत होगा। इसके अलावा, पेट्रोलियम रिजर्व को लेकर भी एमओयू साइन किया गया। दोनों देशों के बीच एलपीजी यानी रसोई गैस सप्लाई को लेकर भी समझौता हुआ है, जिससे भारत को ऊर्जा सुरक्षा में फायदा मिलेगा। सबसे बड़ा एलान निवेश को लेकर हुआ। यूएई ने भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में कुल पांच अरब डॉलर निवेश की घोषणा की है। पश्चिम एशिया में मौजूदा हालातों पर पीएम मोदी ने कहा कि यूएई पर हुए हमलों की हम घोर निंदा करते हैं। यूएई को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इन कठिन परिस्थितियों में आपने जिस संयम और साहस का परिचय दिया है, ये बहुत ही सराहनीय है। राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने में आपके नेतृत्व में उठाए गए कदमों का हम अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में युद्ध की परिस्थिति का प्रभाव आज पूरे विश्व पर दिखाई दे रहा है। भारत ने मुद्दों को सुलझाने के लिए हमेशा बातचीत और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। होर्मुज स्ट्रेट को मुक्त, खुला और सुरक्षित रखना हमारी बड़ी प्राथमिकता है। इस मामले में, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करना अनिवार्य है। भारत हर स्थिति में यूएई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और भविष्य में भी खड़ा रहेगा। भारत जल्द से जल्द शांति और स्थिरता की बहाली के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने को तैयार है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं अपने भाई, यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का अबूधाबी हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के उनके विशेष भाव के लिए धन्यवाद करता हूं। मैं ऊर्जा, निवेश, आपूर्ति शृंखला और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में भारत–यूएई संबंधों को और आगे बढ़ाने की दिशा में हमारी बातचीत का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

# मधुमिता शुक्ला हत्याकांडः सुप्रीम कोर्ट ने माफ की दोषी रोहित चतुर्वेदी की सजा

## -कहा- ध्यान सुधार पर होना चाहिए

(एजेंसी) नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2003 के बहुचर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड के एक दोषी की समय पूर्व रिहाई के अनुरोध



वाली याचिका को शुक्रवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया और कहा कि ध्यान सुधार पर होना चाहिए, न कि दंड देने पर। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने गृह मंत्रालय के नौ जुलाई, 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें दोषी रोहित चतुर्वेदी की समय पूर्व रिहाई के लिए उत्तराखंड सरकार की सिफारिश को खारिज कर दिया गया था। उच्चतम न्यायालय ने गौर किया कि चतुर्वेदी ने बिना किसी छूट के 22 साल जेल में बिताए हैं। न्यायालय ने टिप्पणी की,

अपराध एक बात है, सुधार दूसरी। ध्यान सुधार पर होना चाहिए, न कि दंड देने पर।श्श उच्चतम न्यायालय ने कहा कि चतुर्वेदी पहले से ही जमानत पर बाहर है और उसे आत्मसमर्पण करने की आवश्यकता नहीं है। कवयित्री मधुमिता शुक्ला की नौ मई, 2003 को लखनऊ की पेपर मिल कॉलोनी में हत्या कर दी गई थी। उस समय वह गर्भवती थीं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी को सितंबर 2003 में कवयित्री की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था, जिनके साथ कथित तौर पर उनका संबंध था। इसके बाद, शुक्ला की हत्या की साजिश के सिलसिले में अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। उत्तराखंड की एक निचली अदालत ने 24 अक्टूबर 2007 को अमरमणि त्रिपाठी, पूर्व मंत्री की पत्नी मधुमणि त्रिपाठी, रिश्तेदार रोहित चतुर्वेदी और सहयोगी संतोष कुमार राय को शुक्ला की हत्या का दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। नौतनवा से विधायक रहे अमरमणि त्रिपाठी उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार में और 2002 में बनी बसपा सरकार में भी मंत्री थे। वह समाजवादी पार्टी से भी जुड़े थे। मामले की जांच 17 जून 2003 को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी 2007 को मुकदमे की सुनवाई उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड स्थानांतरित कर दी। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने 16 जुलाई 2012 को उनकी दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखा। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने 19 नवंबर 2013 को इस आदेश को बरकरार रखा। उत्तर प्रदेश के कारागार विभाग ने 24 अगस्त 2023 को राज्य की 2018 की सजा माफी नीति और इस तथ्य का हवाला देते हुए कि सजा के 16 वर्ष पूरे हो चुके हैं, अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी की समय से पहले रिहाई का आदेश जारी किया। आपराधिक साजिश और हत्या के दोषी ठहराए गए चतुर्वेदी ने उत्तराखंड सरकार के समक्ष समय पूर्व रिहाई की अर्जी दाखिल की थी।

# मजबूत डॉलर ने बिगाड़ा खेल, सोना-चांदी धड़ामय चांदी की कीमतों में 11,700 की भारी गिरावट

(एजेंसी) मुंबई। सोने और चांदी की शुरुआत शुक्रवार को गिरावट के साथ हुई और दोनों कीमती धातुओं में 11,700 रुपए तक की कमजोरी देखने को मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली



क्लोजिंग 2,91,102 रुपए के मुकाबले 11,102 रुपए या 3.81 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,80,000 रुपए पर था। इंड्रा–डे में इसने 2,79,458 रुपए का लो बनाया है, जो कि पिछली क्लोजिंग से 11,644 रुपए कम है। वहीं, इंड्रा–डे हाई 2,83,938 रुपए का था। सुबह 10.06 पर चांदी 2.94 प्रतिशत या 8,563 रुपए की कमजोरी के साथ 2,82,539 रुपए पर थी। चांदी के साथ सोने में भी कमजोरी देखने को मिली। सोने का 05 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,61,978 रुपए के मुकाबले 1,188 रुपए या 0.73 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,60,790 रुपए पर खुला। इंड्रा–डे में इसने 1,60,355 रुपए का लो बनाया है, जो कि पिछली क्लोजिंग से 1,623 रुपए कम है। वहीं, इंड्रा–डे हाई 1,60,992 रुपए का था। खबर लिखे जाने तक सोना 0.89 प्रतिशत या 1,438 रुपए की कमजोरी के साथ 1,60,540 रुपए पर थी। भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में कमजोरी देखी जा रही है। सोना 1.54 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,615 डॉलर प्रति औंस और चांदी 4.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81.49 डॉलर प्रति औंस पर था। जानकारों ने कहा कि सोना 4,600 डॉलर प्रति औंस और 4,750 डॉलर प्रति औंस के बीच बना हुआ है। इसके लिए सपोर्ट 4,560 डॉलर प्रति औंस – 4,520 डॉलर प्रति औंस के बीच में है। रुकावट का स्तर 4,700 डॉलर प्रति औंस से 4,750 डॉलर प्रति औंस के बीच है। सोने और चांदी में कमजोरी की वजह डॉलर इंडेक्स में मजबूती को माना जा रहा है। डॉलर इंडेक्स 0.23 प्रतिशत बढ़कर 98.955 पर पहुंच गया है, जो बीते पांच हफ्तों का उच्चतम स्तर है। डॉलर इंडेक्स, अमेरिकी मुद्रा डॉलर की दुनिया की छह बड़ी मुद्राओं– यूरो, जापानी येन, पाउंड स्टर्लिंग, कैनेडियन डॉलर, स्वीडिश क्रोना और स्विस फ्रैंक– के मुकाबले स्थिति को दिखाता है।

# राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल, किरेन रिजिजू बोले- कांग्रेस को जवाब देना चाहिए

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की विदेश यात्राओं की फंडिंग और खर्च को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की कुछ यात्राओं में 'अस्पष्टता' चिंताजनक है, इसलिए कांग्रेस पार्टी को देश के सामने स्पष्ट जवाब देना चाहिए।शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सांसद होने के नाते उन्हें भारत के नियमों और कानूनों का पालन करना चाहिए। किसी भी सांसद को विदेश दौरे पर जाना हो तो राज्यसभा सचिवालय, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को सूचना देनी होती है। पासपोर्ट–वीजा के जरिए यात्रा की जाती है, लेकिन राहुल गांधी सांसद बनने के बाद जब भी विदेश जाते हैं तो न तो सूचना देते हैं और न ही यह बताते हैं कि वे कहां ठहरते हैं या किससे मिलते हैं। मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी की सुरक्षा एजेंसियां भी इस वजह से परेशान हैं क्योंकि वे बिना बताए कहीं भी



चले जाते हैं। वे वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष हैं, ऐसे में कोई अप्रिय घटना होने पर सरकार को जवाबदेह होना पड़ेगा। रिजिजू ने आंकड़े देते हुए बताया कि राहुल गांधी अब तक 54 बार विदेश दौरे पर जा चुके हैं, जिनमें से कई दौरों की कोई जानकारी ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इन यात्राओं पर उनका खर्च उनकी आय से ज्यादा दिख रहा है, जो आयकर विभाग से भी जुड़ा मामला बनता है। किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से अपील करते हुए कहा, "मैं कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से अनुरोध करता हूं कि वे तुरंत सारी जानकारी सार्वजनिक करें। इससे उनका ही भला होगा। नहीं तो बाद में कोई कार्रवाई होने पर यह कहना कि उन्हें टारगेट किया जा रहा है, उचित नहीं होगा।" उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी देशवासियों को, खासकर सांसदों को नियमों का पालन करना चाहिए। लोगों के टैक्स से मिलने वाली सैलरी और सुविधाओं का हिसाब–किताब पारदर्शी होना जरूरी है।

# नारी शक्ति का विरोध बंद करो, सहारनपुर में कांग्रेस सांसद के आवास के बाहर भाजपा महिला मोर्चा का धरना

(एजेंसी) सहारनपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के आवास के बाहर जन आक्रोश धरना प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री रमा गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित धरने में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी, सांसद इमरान मसूद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। रमा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में उचित प्रतिनिधित्व देने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है, लेकिन विपक्ष लगातार महिला हितों के मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री सरोज शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने महिलाओं की भावनाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का महिलाओं के अधिकारों को लेकर दोहरा चरित्र



सामने आ चुका है और वह केवल वोट बैंक की राजनीति करता है। मोर्चा की पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुसुम अग्रवाल ने कहा कि विपक्ष को देश की महिलाओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करना चाहिए। मोर्चा की महानगर अध्यक्ष आरती शर्मा और महानगर उपाध्यक्ष कंचन धवन ने प्रदर्शन के दौरान नारी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, महिलाओं का अधिकार सुनिश्चित करो और नारी शक्ति का विरोध बंद करोष जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। महानगर महामंत्री सारिका गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों महिलाओं को लाभ मिल रहा है, जबकि विपक्ष लगातार महिला सशक्तिकरण का विरोध कर रहा है। धरना प्रदर्शन में सोनम कश्यप, सिमरन गुंबर, शिखा कश्यप, दीप्ति, पार्षद आरती, बरखा कल्याण, नूतन सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# आरजी कर रेप-हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई, बंगाल सरकार ने तीन IPS अधिकारियों को किया निलंबित, जांच में लापरवाही का आरोप

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई बलात्कार और हत्या की घटना की प्रारंभिक जांच में कथित लापरवाही और कर्तव्यपालन में चूक के आरोप में तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री शुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय में इस फैसले की घोषणा की। निलंबित किए गए अधिकारियों में कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, पूर्व उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी और अभिषेक गुप्ता शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन तीनों अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने मामले को लापरवाहीपूर्ण तरीके से संभाला, पीड़िता के माता–पिता को रिश्वत के रूप में पैसे की पेशकश की और अगस्त 2024 में हुई इस जघन्य घटना के बारे में अनाधिकृत प्रेस कॉन्फ्रेंस की। शुवेंदु अधिकारी ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार सीबीआई द्वारा चल रही वास्तविक जांच में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं कर रही है। अनुशासनात्मक कार्रवाई और विभागीय जांच का नेतृत्व राज्य के गृह सचिव मुख्य सचिव के मार्गदर्शन में करेंगे। यह मामला 9 अगस्त, 2024 का है जब कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कार्यरत एक जूनियर डॉक्टर हॉस्पिटल बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में मृत पाई गई थी। 33 वर्षीय नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को बलात्कार और हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। 20 जनवरी, 2025 को एक निचली अदालत ने संजय रॉय को इस मामले में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, डॉक्टर के परिवार का आरोप है कि अपराध करने में वह अकेला नहीं था।

# प्रेम प्रसंग व पारिवारिक विवाद के बीच युवक ने लगाई फांसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। गांव डूडा खेड़ी में एक युवक ने पारिवारिक विवाद के बाद खेत में आम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी 25 वर्षीय अंकुल सैनी पुत्र राकेश कुमार का गांव की ही एक विवाहिता से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया गया कि दोनों साथ रहने की जिद पर अड़े थे और पिछले कुछ समय से हरिद्वार में रहकर काम कर रहे थे। इसी बात को लेकर युवक और उसके परिजनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया गया कि बुधवार शाम अंकुल विवाहिता को साथ लेकर घर पहुंचा था और परिवार से संपत्ति में हिस्सा मांग रहा था, लेकिन परिजनों ने हिस्सा देने से इन्कार कर दिया। गुरुवार सुबह भी परिवार के साथ बातचीत हुई, मगर मामला नहीं सुलझ पाया। इसके बाद युवक घर से चला गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने अंकुल का शव उसके खेत में खड़े आम के पेड़ से लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस मॉडर्न स्कूल का शानदार प्रदर्शन

## - सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में 100 प्रतिशत रहा रिजल्ट
## - टॉप-3 मेधावियों ने बढ़ाया विद्यालय का मान



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिजर्व पुलिस लाइन्स ने सीबीएसई कक्षा–12 बोर्ड परीक्षा सत्र 2025–26 में शत–प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर सफलता का नया इतिहास रच दिया है। विद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं ने उत्.ष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद और विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि में टॉप–3 मेधावी छात्र–छात्राओं ने विशेष स्थान प्राप्त किया। . ष्णा आदित्य श्रीवास्तव ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आर्यंशी सिंह ने 91.80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा स्वस्तिक ने 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार सफलता पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी सफल छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षक–शिक्षिकाओं के समर्पण और उत्.ष्ट मार्गदर्शन का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के माध्यम से विद्यालय लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। विद्यालय के इस शानदार परीक्षा परिणाम से छात्र–छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकगण में खुशी का माहौल है। पुलिस मॉडर्न परिवार ने इस उपलब्धि को गर्व और प्रेरणा का विषय बताते हुए भविष्य में भी उत्.ष्ट प्रदर्शन जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# सपा कार्यालय में आयोजित हुई शोकसभा

## – स्वर्गीय प्रतीक यादव को दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुज स्वर्गीय प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर सिविल लाइन स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय प्रतीक यादव के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोकसभा में शोक प्रस्ताव पारित कर दिवंगत आत्मा




की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की गई। उपस्थित नेताओं ने स्वर्गीय प्रतीक यादव के निधन को समाजवादी परिवार के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, सदर से प्रत्याशी रहे सर्वेश शाक्य, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमलेश यादव, जिला उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, अनिल प्रताप यादव, जिला सचिव प्रवीण कुशवाहा, प्रदीप सोनी, उपदेश मिश्रा, मनोज राणा, दीपी सिंह, संगीता राजपूत, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, संतोष राजपूत, इंजीनियर शुगर सिंह दोहरे, नम्रता सिंह दोहरे, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत दुल्ले, पंडित रतन चौधरी, रामवीर सिंह यादव, शेखर राजपूत, देवेंद्र यादव, नफीसुल हसन अंसारी, लीलावती राजपूत, नरेंद्र प्रजापति, अरविंद यादव, मोहन दोहरे, राणा प्रताप सिंह, अंकुर यादव, कपिल यादव, दिनेश यादव, बृजेंद्र यादव, अमित कठेरिया, कमलेश चंद यादव, सुभाष चंद्र यादव, फूल सिंह यादव, गौरव यादव, सुनील यादव, सूरज सिंह, संतोष यादव, नीरज यादव, राम प्रकाश वर्मा, अजय वीर सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोलिंग स्केटिंग में जिले की बेटी का कमाल

## – पुलिस मॉडर्न स्कूल की छात्रा आध्वी यादव ने जीता रजत पदक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के लिए गर्व का विषय है कि पुलिस मॉडर्न स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा आध्वी यादव ने अपनी मेहनत, लगन एवं उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के बल पर राज्य स्तरीय गाजियाबाद एवं



उत्तर प्रदेश रोलिंग स्केटिंग चैंपियनशिप, आगरा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रोलिंग स्केटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। आध्वी यादव, पुलिस विभाग में कार्यरत अविन कुमार की पुत्री हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आध्वी की यह सफलता पूरे जनपद के लिए प्रेरणादायक है तथा अन्य छात्र–छात्राओं को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन आयुषी सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सुभाष यादव, प्रधानाचार्य पुलिस मॉडर्न स्कूल अभिषेक सक्सेना सहित विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बर्थडे पार्टी में विवाद के बाद युवक की गोली मारकर हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो/शिवालाकलाँ, बिजनौर। इलाके में बर्थडे पार्टी के दौरान हुए विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि अमरोहा निवासी लोकेश बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए शिवालाकलाँ आया था। पार्टी के दौरान शराब पीने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि लोकेश को गोली मार दी गई। गोली लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शादी में हवाई फायरिंग की तैयारी पर पुलिस का एक्शन

## - दो लाइसेंसी रायफल, कारतूस और थार कार समेत आरोपी गिरफ्तार
## - थार कार से जा रहा था आरोपी, पुलिस ने चेकिंग में पकड़ा
## - लाइसेंसी रायफलों के निरस्तीकरण की भी होगी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना जसवंतनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो लाइसेंसी रायफल, 12 जिंदा कारतूस और एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी की थार कार को भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया है। पुलिस के अनुसार थाना जसवंतनगर क्षेत्र में नगला राठौर मोड़ पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति थार कार से छिमारा की ओर से जसवंतनगर की तरफ आ रहा है, जिसके पास अवैध शस्त्र हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहन को रोक लिया और तलाशी ली। पूछताछ के दौरान आरोपी शस्त्रों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से दो 315 बोर रायफल, 12 जिंदा कारतूस और एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बरामद रायफलें संजीव






कुमार पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम परसौआ तथा सतेन्द्र पुत्र रमेशचन्द्र निवासी निलोई थाना जसवंतनगर की हैं। वह इन रायफलों को ऊसराहार में एक शादी समारोह में भौकाल बनाने और हवाई फायरिंग करने के उद्देश्य से ले जा रहा था। पुलिस ने संबंधित लाइसेंसों के निरस्तीकरण की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। इस मामले में थाना जसवंतनगर पर मुकदमा अपराध संख्या 140/2026 धारा 3/25/29/30 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उपदेश उर्फ लउवा पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम परसौआ थाना जसवंतनगर के रूप में हुई है। आरोपी पर हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, एससी/एसटी एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने बरामदगी में दो रायफल 315 बोर, 12 जिंदा कारतूस, एक एंड्रॉयड मोबाइल तथा एक थार कार को कब्जे में लिया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवंतनगर कमल भाटी, उपनिरीक्षक .ष्ण कुमार, कांस्टेबल सनोज कुमार, कांस्टेबल आर्य चिकारा, कांस्टेबल जालंधर सिंह, कांस्टेबल अरविन्द कुमार एवं चालक कांस्टेबल सुशील कुमार शामिल रहे।

# ओवरब्रिज की दरारें बन रहीं हादसों की वजह

## - मरम्मत न होने से बढ़ा खतरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवन्तनगर, इटावा। नगर में रेलवे लाइन के ऊपर बने ओवरब्रिज की बदहाल सड़क अब राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। ओवरब्रिज के ज्वाइंट के ऊपर बनी सड़क को करीब एक माह पूर्व लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों द्वारा तोड़ दिया गया था, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। इससे पुल पर बड़े–बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें आए दिन वाहन फंस रहे हैं



और लोग चोटहिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों प्रशांत, आशीष, मनीष, गौरब, अनुराग, सुधीर, बबलू, सत्यवीर, छोटे, लालू आदि का कहना है कि सड़क तोड़ने के बाद विभाग ने मलवा भी सड़क किनारे ही डाल दिया, जिससे आवागमन और अधिक प्रभावित हो गया है। पुल से गुजरने वाले बाइक सवार सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे हैं। कई बाइक चालक गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं, जबकि कई मोटरसाइकिलों के पहिये तक टूट गए हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग स्थिति से अनजान बना हुआ है। गड्ढों और उबड़–खाबड़ रास्ते से बचने के लिए कई वाहन चालक उल्टी दिशा से निकलने का प्रयास करते हैं। इससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यदि जल्द मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन और पीडब्ल्यूडी या संबंधित विभाग से पुल की सड़क की तत्काल मरम्मत कराने तथा सड़क किनारे पड़े मलवे को हटवाने की मांग की है, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके।

# चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए निकलने से हाईवे पर अफरा-तफरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

शेरकोट, बिजनौर। नेशनल हाईवे स्थित रामसहायवाला चुंगी के पास शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया। चलती ट्रैक्टर–ट्रॉली के अचानक दोनों पिछले पहिए निकल गए और हाईवे पर काफी दूर तक दौड़ते रहे। घटना से मौके पर अफरा–तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर–ट्रॉली सड़क पर चल रही थी, तभी अचानक उसके पिछले दोनों पहिए निकलकर अलग हो गए। पहिए तेज गति से हाईवे पर दौड़ने लगे। गनीमत रही कि उस समय कोई अन्य वाहन उनकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पहिए निकलने के बाद ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बताया जा रहा है कि ट्रॉली खाली थी। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# 17 से 18 लाख की चोरी से दहला इलाका, दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## - लाखों की चोरी के बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बे में बंद मकान का ताला तोड़कर हुई लगभग 17 से 18 लाख रुपये की बड़ी चोरी का दो दिन बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है, वहीं पीड़ित परिवार लगातार पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग कर रहा है।

बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए मुख्य गेट और घर का ताला तोड़ दिया तथा अंदर रखे लाखों रुपये कीमत के सोने–चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी उस समय हुई जब पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा और परिजनों को सूचना दी।सूचना मिलने पर परिवार के लोग वापस घर पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखे जेवरात व कीमती सामान गायब मिले। पीड़ित परिवार के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत लगभग 17 से 18 लाख रुपये बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई। बाद में फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। हालांकि घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है। न तो किसी संदिग्ध की पहचान हो पाई है और न ही चोरी गए सामान का कोई सुराग मिल पाया है। इस बड़ी चोरी की घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में भी भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। लोगों ने रात में गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने की मांग की है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी वर्षों की जमा पूंजी चंद मिनटों में चोरी हो गई, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। परिवार ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले का जल्द खुलासा कर चोरी गए सामान की बरामदगी की जाए और आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच जारी होने की बात कह रही है, लेकिन दो दिन बाद भी चोरी का खुलासा न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि पुलिस इस बड़ी वारदात का खुलासा कब तक कर पाती है।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# सदाचार जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : निरमेश

## – सीता स्वयंवर व श्रीरामचरित मानस प्रसंगों से भक्तिमय हुआ पूरा गांव

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। जनपद के शुकुल बाजार क्षेत्र स्थित पूरे शुक्लन गांव में आयोजित श्रीराम कथा इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनी हुई है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान श्रीराम के आदर्शों और गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्रीराम चरित मानस के प्रसंगों का रसपान कर रहे हैं। पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था की गंगा



बहती दिखाई दे रही है। कथा व्यास निरमेश जी महाराज ने अपने ओजस्वी और मधुर प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को सदाचार, संस्कार और धर्म के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में सदाचार का होना अत्यंत आवश्यक है। सदाचार ही मनुष्य को समाज में सम्मान दिलाता है और जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में मानव को अपने व्यवहार और जीवनशैली में नैतिक मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है।कथा के दौरान महाराज जी ने सीता स्वयंवर, भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र तथा गोस्वामी तुलसीदास जी की श्रीराम चरित मानस के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे नजर आए। भगवान श्रीराम और माता सीता के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा स्थल पर भक्ति संगीत, भजन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन कथा में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की विशेष उपस्थिति देखने को मिली। आयोजकों ने बताया कि श्रीराम कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है, ताकि नई पीढ़ी भारतीय संस्ति और संस्कारों से जुड़ सके। कथा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो रहा है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक की मांग, सीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन फार्मेसी और अनियंत्रित दवा व्यापार के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। संगठन ने मरीजों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण लगाने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि बिना पर्याप्त निगरानी के ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से नकली,



एक्सपायरी और प्रतिबंधित दवाओं के प्रसार का खतरा बढ़ रहा है। इससे आम लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। संगठन ने आरोप लगाया कि अनियंत्रित दवा विक्रय व्यवस्था पारंपरिक मेडिकल व्यवसाय को भी प्रभावित कर रही है। ज्ञापन में कहा गया कि स्थानीय मेडिकल स्टोर केवल दवाएं बेचने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को जरूरी सेवाएं भी उपलब्ध कराते हैं। यदि ऑनलाइन दवा बिक्री पर नियंत्रण नहीं लगाया गया तो इसका सीधा असर मरीजों और आम जनता पर पड़ेगा। एसोसिएशन ने अपनी मांगों के समर्थन में 20 मई को प्रस्तावित संपूर्ण भारत बंद में भागीदारी की घोषणा की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन जनता को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि सुरक्षित दवा व्यवस्था और जनस्वास्थ्य की रक्षा के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस दौरान संरक्षक वीरपाल सिंह, एमपी सिंह, अध्यक्ष सुबोध कुमार, चेयरमैन देवेश कुमार, महामंत्री सतीश गहलोत, कोषाध्यक्ष इंदर सिंह चौहान, मुख्य सचिव केके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला सचिव तारीक मसरूर (सोनू), मोहम्मद आरिफ (पाशा), वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेश चंद्र शर्मा, संगठन मंत्री हितेंद्र खरबंदा, तहसील अध्यक्ष अचल चौहान, मीडिया प्रभारी पुरखराज सिंह मलिक, मोहम्मद ओवैस, रजनीश शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। ज्ञापन के अंत में जिलाधिकारी से मांग की गई कि संगठन की समस्याओं और मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाकर ऑनलाइन फार्मेसी एवं अनियंत्रित दवा बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।

# जनपद में कई वर्ष पुराने राजा हमीरदेव के खंडहर में मिले बेसकीमती पुराने सिक्के

## –इलाके में फैली सनसनी

(संवाददाता) हमीरपुर। हमीरपुर जिला मुख्यालय स्थित बेतवा नदी के बीच बने राजा हमीरदेव के खंडहर में पुराने सिक्के मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि खंडहर में घूमने पहुंचे कुछ युवकों को अचानक जमीन में दबे पुराने जमाने के सिक्के दिखाई दिए। इसके बाद वहां लगातार सिक्के निकलने लगे। युवकों का दावा है कि यह सिक्के करीब दो से तीन साल या उससे अधिक पुराने हो सकते हैं। सिक्कों की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। स्थानीय लोग इन सिक्कों को ऐतिहासिक धरोहर मान रहे हैं। युवको ने बताया कि वह समान रूप से घूमने के लिए खंडहर पहुंचे थे तभी उन्हें मिट्टी में दबे सिक्के मिले। फिलहाल सिक्कों की वास्तविकता उम्र और ऐतिहासिक महत्व की पुष्टि विशेषज्ञ जांच के बाद ही हो सकेगी। मामले की सूचना प्रशासन और संबंधित विभागों को दिए जाने की चर्चा भी सामने आ रही है।

# केडीसी रेड ने 61 रनों से जीता फाइनल मुकाबला

## - साफवान खान रहे टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में केडीसी क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में अंडर–16 समर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मुकाबला केडीसी रेड एवं केडीसी ग्रीन टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में केडीसी प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इतिकार अली व पूर्व प्रधान अंकित शुल्ला मौजूद रहे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टॉस जीत कर केडीसी रेड के कप्तान किशन वर्मा ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 50 ओवरों के इस मुकाबले में केडीसी रेड पहले बल्लेबाजी करते हुए 34 ओवर में 207 रनों पर ऑल आउट हो गए। जिसमे अली खान ने सर्वाधिक 71 एवं नीरज निषाद ने 41



रनों की उपयोगी पारियां खेली। केडीसी ग्रीन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए युवराज सिंह ने 3 एवं बाकी अन्य गेंदबाजों ने 1–1 सफलताए अर्जित की। 208 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए केडीसी ग्रीन के बल्लेबाजों ने संयम नहीं दिखाया और पूरी टीम 146 रनों पर ऑल आउट हो गयी। जिसमे सोहेल खान ने 28 कबीर खान ने 26 एवं अभय ने 25 रनों की पारियां खेली लेकिन कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। केडीसी रेड की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अफजल शाह एवं अभिजोत त्रिपाठी ने 3–3 व अब्दुल गनी ने दो सफलताएं अर्जित की। इस तरह केडीसी रेड ने फाइनल मुकाबला 61 रनों से जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफजल शाह को फाइनल मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज उपमन्यु बाजपेई, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अभिजोत त्रिपाठी एवं टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी साफवान खान को चुना गया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका आशुतोष कैराती एवं सत्यम पाठक ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। आंखों देखा हाल तुषार ने सुनाया। मैच के दौरान अटल सिंह, तरुण वाजपेयी, सूरज तिवारी, तुषार सोनी, आयुष चित्रांश, अरुण राजपूत, सुएब अब्बासी, अरुण कुमार सहित लोग उपस्थित रहे।

# बैडमिंटन कोर्ट के सौन्दर्यीकरण कार्य का डीएम ने किया लोकार्पण

## - इन्दिरा स्टेडियम की व्यवस्थाओं व खेल गतिविधियों का लिया जायजा

## - फुटबाल कैम्प के नियमित खिलाड़ियों को वितरित किया किट

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम के बहुउद्देशीय हाल में स्थित बैडमिंटन कोर्ट एवं छत के सौन्दर्यीकरण कार्य का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल की उपस्थिति में सब जूनियर बालिका खिलाड़ी के हाथों फीता कटवाकर लोकार्पण किया गया। डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन के आग्रह पर जिलाधिकारी के निर्देश पर विनियमित क्षेत्र अन्तर्गत विकास शुल्क से कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. निर्माण खण्ड–4, देवीपाटन मण्डल द्वारा बैडमिंटन कोर्ट के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर इन्दिरा स्टेडियम में मौजूद डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, सचिव मनोज गुप्ता, संरक्षक अशोक मातनहेलिया, वरिष्ठ पदाधिकारी बिपिन चन्द्र अग्रवाल, भागवत शुक्ला, बैडमिंटन संघ के सचिव राकेश सिंह, बैडमिंटन खिलाड़ी राना अनिल सिंह, अनुतोष कमल, अमरेंद्र, लोकेश तोलानी ने डीएम का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि कोर्ट का सौन्दर्यीकरण हो जाने से जिले के खिलाड़ियों विशेषकर युवा खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा इन्दिरा स्टेडियम में खेला इण्डिया के तहत संचालित फुटबाल कैम्प में नियमित आने



वाले खिलाड़ियों को किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्रीड़ाधिकारी आनन्द श्रीवास्तव द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञाापित किया गया। लोकार्पण के पश्चात डीएम श्री त्रिपाठी ने इन्दिरा स्टेडियम का भ्रमण कर संचालित किये जा शिविरों तथा खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अन्य अवस्थापनाओं को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी, उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक, जीवन रक्षक रोहित सिंह, फुटबाल प्रशिक्षक खेलो इण्डिया सेन्टर विनोद कुमार मौजूद रहे।

# पीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर भाजपाइयों का फूटा गुस्सा

## - विरोध प्रदर्शन कर सपा मुखिया के खिलाफ मुर्दाबाद के लगाए नारे

## - पीएम का अपमान देशवासियों की भावनाओं व भारत के गौरव का अपमान : कल्लू

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ महोबा के सपा सांसद अर्जेन्द्र सिंह लोधी द्वारा की गई अशोभनीय व अमर्यादित और असंसदीय टिप्पणी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं व पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों का एक जुलूस राइफल क्लब मैदान से शुरू होकर संकट मोचन, अशोक लाट चौराहा, जजी चौराहा होते हुए कलक्ट्रेट प्रांगण में समाप्त हुआ। जहाँ कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया अखिलेश श्रीवास्तव के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ सपा नेताओं द्वारा की जा रही अभद्र, अशोभनीय एवं स्तरहीन




टिप्पणियां उनकी राजनीतिक हताशा, मानसिक दिवलीयापन का प्रमाण है। यह प्रधानमंत्री का अपमान नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं, लोकतान्त्रिक जनादेश और भारत के गौरव का अपमान है। जनता अब ऐसे बिसैले और संस्कारहीन राजनीतिक चरित्र को भलीभांति पहचान चुकी है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वन्दना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी दल का नहीं बल्कि पूरे देश का गौरव होता है उनके खिलाफ की गई असंसदीय टिप्पणी केवल अशोभनीय और अक्षम्य है वल्कि भारतीय लोकतान्त्रिक मर्यादाओं पर पर भी गंभीर आघात है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मालती बासू, ममता मिश्रा, अर्चना शुक्ला, जाग्रति वर्मा, प्रभा गुप्ता, निर्मला गौतम, अर्चना मिश्रा, रंजना श्रीवास्तव, पार्वती गुप्ता, मंजू सिंह, रूपा सिंह, सुमन तिवारीके आलावा जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, विवेकानंद गुप्ता, अजय पटेल, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, अमित सेठ भोलू, दुर्गा चौरसिया, निखिल सक्सेना, अशोक गुप्ता, संतोष राजपूत, राजेश गुप्ता, संतू गुप्ता, सुधीर कुशवाहा सहित सैकड़ो महिलाएं व पदाधिकारी शामिल रहे।

# ईंधन का उपयोग अत्यंत आवश्यक कार्यो तक रखें सीमित : डीएम

## - पेट्रोल, डीजल के संरक्षण में निभाएं सक्रिय सहभागिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार रायफल क्लब मे प्रेस प्रतिनिधियों संग प्रेसवार्ता के दौरान जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से पेट्रोलियम पदार्थों की बचत एवं ऊर्जा संरक्षण के संबंध में किए गए आह्वान के क्रम में जनपद प्रशासन की ओर से नागरिकों से विनम्र अपील की जाती है कि पेट्रोल, डीजल एवं अन्य ईंधनों का उपयोग अत्यंत आवश्यक कार्यों तक सीमित रखते हुए इनके संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाएँ। पेट्रोलियम पदार्थ देश की अमूल्य संपत्ति हैं। इनकी अत्यधिक एवं अनावश्यक खपत से एक ओर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त भार पड़ता है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। वर्तमान समय में ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं राष्ट्रीय जिम्मेदारी बन चुकी है। जनपद प्रशासन आप सभी से अनुरोध करता है कि दैनिक जीवन में कुछ सरल एवं व्यवहारिक उपाय अपनाकर ईंधन की बचत में योगदान दें– उन्होने कहा कि छोटी दूरी की यात्रा हेतु पैदल चलने अथवा साइकिल का प्रयोग करें। कार्यालय, विद्यालय अथवा अन्य स्थानों पर जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन एवं कार पूलिंग को प्राथमिकता दें। अनावश्यक वाहन संचालन से बचें तथा एक ही यात्रा में अधिकतम कार्य पूर्ण करने का प्रयास करें। ट्रैफिक सिग्नल अथवा लंबे समय तक रुकने की स्थिति में वाहन का इंजन बंद रखें। वाहन की समय–समय पर सर्विस एवं टायरों में उचित वायु दबाव बनाए रखें, जिससे ईंधन की खपत कम हो। युवाओं एवं बच्चों को भी ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करें ताकि यह अभियान जन–जन तक पहुँच सके। सरकारी कार्यालयों, संस्थानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी ऊर्जा एवं ईंधन बचत के उपायों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। यह स्मरण रखना आवश्यक है कि ईंधन की बचत केवल व्यक्तिगत लाभ का विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रहित, पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा हुआ है। यदि जनपद का प्रत्येक नागरिक प्रतिदिन थोड़ा–सा भी ईंधन बचाने का संकल्प ले, तो सामूहिक रूप से यह एक बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि सिद्ध होगी।




आइए, हम सभी मिलकर ऊर्जा संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करें। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश के विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होने जनपदवासियों से अपेक्षा की कि इस जनहितकारी अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

# सपा सांसद की टिप्पणी पर भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

## – कलेक्ट्रेट परिसर में गूंजे विरोध के नारे, माफी की उठी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। हमीरपुर–महोबा से समाजवादी पार्टी सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता




एवं सदर विधायक सरिता भदौरिया के संयुक्त नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं, जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारेबाजी की। अखिलेश यादव शर्म करो, प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान और सपा सांसद माफी मांगो जैसे नारों से कलेक्ट्रेट परिसर गूंज उठा। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी में अब नेता नहीं बल्कि गालीबाज रह गए हैं, जो लगातार विवादित और अपमानजनक बयान देकर राजनीति का स्तर गिरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामजीलाल सुमन और अजेंद्र सिंह लोधी जैसे नेता देश के सम्मानित पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ टिप्पणी कर समाज में गलत संदेश दे रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी के जनप्रतिनिधियों द्वारा संवैधानिक गरिमा को ताक पर रखकर जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया गया है, उससे नारी शक्ति एवं देश की जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन देश के प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करना निंदनीय है और भाजपा इसका हर स्तर पर विरोध जारी रखेगी। भर्थना की पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने मांग की कि अखिलेश यादव तत्काल अजेंद्र सिंह लोधी को पार्टी से निष्कासित करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा देशवासियों से सार्वजनिक माफी मांगें। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल भाजपा के नहीं बल्कि देश के 150 करोड़ लोगों के नेता हैं। उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना पूरे देश का अपमान है। धरना–प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, अजय धाकरे, पूनम पांडेय, विनीता गुप्ता, मधु तोमर, प्रीति दुबे, ममता कुशवाहा, नीतू नारायण मिश्रा, राधा पाल, सोनिया चक, एडवोकेट नेहा सिंह, एडवोकेट निधि पाल, एडवोकेट अम्बिका अवस्थी, एडवोकेट खुशबू, एडवोकेट काजल रावत, एडवोकेट प्रीती चौहान, राबिया सुल्तान, पूनम तिवारी, सीता मिश्रा, चंचल तिवारी, सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, .पा नारायण तिवारी, अशोक चौबे, बासु चौधरी, संजीव भदौरिया, अमित तिवारी, संजू बाबू शाक्य, जितेंद्र पाल, अभिषेक मिश्रा, राजकुमार वर्मा, समीर सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अंकित सैनी, विमलेश शाक्य सहित बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सावित्री गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने को उपभोक्ताओं में मची होड़

## – पुलिस ने लाइने लगवाकर बंटवाये सिलेंडर

न्यूज वाणी ब्यूरो/मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित सावित्री इंडियन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ गैस सिलेंडर लेने के लिए उमड़ पड़ी। देखते देखते भीड की लंबी लाइने लग गयी। काफी देर तक सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ताओं ने हंगामा काट दिया। मौके पर पहुंचे गैस एजेंसी मैनेजर प्रदीप कुमार को मामला शांत करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस ने उपभोक्ताओं को समझा बूझकर शांत कराया। पुनः उपभोक्ताओं की लाइनें लगवा कर गैस का वितरण शुरू कराया गया। उपभोक्ताओं का कहना है कि काफी दिन बाद गैस सिलेंडर मिल पा रहे हैं जिससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। दिन भर लाइनों में लगकर भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

# स्टाम्प शुल्क में 26 लाख से अधिक के अपवंचन का मामला उजागर

## – जिलाधिकारी न्यायालय से आरोपियों को नोटिस जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में .षि भूमि को आवासीय/अ.षक भूमि दर्शाने के मामले में बड़े स्तर पर स्टाम्प शुल्क अपवंचन का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी/कलेक्टर स्टाम्प न्यायालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार भूमि क्रय–विक्रय प्रकरण में लगभग 26 लाख 45 हजार 770 रुपये के स्टाम्प एवं निबंधन शुल्क के अपवंचन की बात सामने आई है। न्यायालय द्वारा जारी नोटिस में बताया गया कि ग्राम सुन्दरपुर, तहसील व जिला स्थित गाटा संख्या 545 क्षेत्रफल 0.3238 हेक्टेयर भूमि के संबंध में वर्ष 2023 में विक्रय विलेख संपादित कराया गया था। जांच के दौरान उप निबंधक इटावा द्वारा संपत्ति का स्थलीय निरीक्षण कराया या, जिसमें महालेखाकार ऑडिट टीम की निरीक्षण टिप्पणी के आधार पर उक्त भूमि को अ.षक भूमि मानते हुए मूल्यांकन किया गया। जांच में पाया गया कि प्रकरण में करीब 23 लाख 14 हजार 920 रुपये स्टाम्प शुल्क तथा 3 लाख 30 हजार 850 रुपये निबंधन शुल्क की कमी पाई गई। कुल मिलाकर 26 लाख 45 हजार 770 रुपये के राजस्व अपवंचन का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में न्यायालय ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर 22 जनवरी 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित तिथि पर उपस्थित न होने अथवा जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। नोटिस जिलाधिकारीध्कलेक्टर स्टाम्प न्यायालय इटावा की ओर से जारी किया गया है, जबकि संबंधित प्रतियों को तामील हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को भेजा गया है।

# एसएसपीएल-9 का पूर्व क्रिकेटर की उपस्थिति में हुआ शुभारंभ

## - विधायक डॉ. राजेश्वर व आरपी सिंह ने बढ़ाया युवाओं का उत्साह

## - सरोजनीनगर स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग बनी खेल प्रतिभाओं का महाकुंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। जय जगत पार्क एलडीए कॉलोनी में सरोजनीनगर स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग (एसएसपीएल)–9 का भव्य शुभारंभ भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर एवं वर्तमान चयन समिति सदस्य आरपी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह एवं श्री आरपी सिंह ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन कर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि महान खिलाड़ी केवल ट्रॉफियां जीतने के लिए नहीं खेलते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए खेलते हैं। उन्होंने बताया कि 4 दिसंबर 2022 से शुरू हुई यह पहल आज अपने 9 वें संस्करण तक पहुँच चुकी है। इस वर्ष आयोजित इंटर स्कूल एवं इंटर स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट चैम्पियनशिप में 160 टीमें भाग ले रही है। लगभग 160 मुकाबले खेले जाएंगे। विजेता टीम को 50000 एवं उपविजेता टीम को 25000 की पुरस्कार राशि दी




जाएगी। साथ ही बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, मैक्सिमम सिक्स एवं मैक्सिमम फोर जैसी विशेष श्रेणियों में भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी–शर्ट एवं प्रत्येक टीम को क्रिकेट किट उपलब्ध कराई जा रही है। उद्घाटन अवसर पर इंटर–स्कूल मुकाबले में लखनऊ कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल एवं एलनहाउस पब्लिक स्कूल की टीमें आमने–सामने रहीं, जबकि इंटर–स्पोर्ट्स क्लब मुकाबले में यंग बॉयज क्रिकेट क्लब एवं प्यारेपुर क्रिकेट क्लब के बीच मैच आयोजित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि अब तक एसएसपीएल के माध्यम से 10000 से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ने, 1500 से अधिक स्पोर्ट्स किट वितरित करने एवं 11 लाख से अधिक की पुरस्कार राशि खिलाड़ियों को प्रदान करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर को खेल प्रतिभाओं का मजबूत केंद्र बनाने हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर आरपी सिंह ने कहा कि राजेश्वर भैया से मेरा संबंध दशकों पुराना है। मेरी हर छोटी–बड़ी उपलब्धि पर मुझसे ज्यादा वह खुश होते हैं। जिस समर्पण और भावना के साथ वह युवाओं को खेलों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, वह अत्यंत प्रेरणादायी है। सरोजनीनगर स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग जैसे आयोजन निश्चित रूप से क्षेत्र की प्रतिभाओं को नई पहचान देंगे। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि रायबरेली की धरती से निकलकर विश्व क्रिकेट में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले आरपी सिंह ने भारतीय क्रिकेट को गौरवान्वित किया है। वर्ष 2007 के आईसीसी टी–20 विश्व कप में उनकी भूमिका भारतीय क्रिकेट इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को नई पहचान मिली है। खेलो इंडिया और टॉप्स जैसी योजनाओं ने युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरोजनीनगर क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 180 से अधिक बॉयज एवं 116 से अधिक गर्ल्स यूथ क्लब स्थापित किए गए हैं। दादूपुर स्टेडियम, जय जगत पार्क एवं अन्य खेल मैदानों के विकास हेतु विधायक निधि से लाखों रुपये की सहायता प्रदान की गई है। इस अवसर पर अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल लखनऊ के सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने कहा कि एक डॉक्टर के रूप में वह मानते हैं कि डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा युवाओं को प्रतिदिन 1 से 2 घंटे खेलों के लिए समय देने का संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से खेलों से जुड़ना दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। युवाओं को अपने जीवन में खेल और शारीरिक गतिविधियों को निरंतर शामिल रखना चाहिए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने डॉ. मयंक सोमानी जी की सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े प्रयासों की सराहना की। साथ ही सरदार इकबाल सिंह, हरजीत कौर, जेहा रजा, डॉ. अजय शुक्ला, संगीता चौहान, हर्ष सिंह, शशिकांत चतुर्वेदी, वत्सल श्रीवास्तव, लालमणि यादव, लता श्रीवास्तव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, शंकरी सिंह, वीके श्रीवास्तव तथा संतोष सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह ने आयोजन समिति, खिलाड़ियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल, ऊर्जा और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# दो लीगल एड क्लीनिक का सचिव ने किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. बब्बू सारंग के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम न्याय सहायता अभियान के अंतर्गत विधिक सहायता सेवाओं को ग्राम स्तर तक पहुंचाने हेतु




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्राम पंचायत खैरगढ़ एवं ग्राम पंचायत कनवारा में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई। जिसका भव्य उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुश्री योगेश शिवा ने फीता काटकर किया और ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिला एवं बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि, लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले जरूरतमंद एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें न्याय प्राप्त करने में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्राम स्तर पर विधिक जागरूकता बढ़ाने तथा आमजन को न्यायिक सेवाओं से जोड़ने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गाजे बाजे की धुन के बीच धूमधाम से निकली शोभा यात्रा

## – बड़ेदेव बाबा बिलगांव मे आयोजित हुआ श्रीराम कथा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। गाजे बाजे की धुन के बीच बड़ेदेव बाबा परिसर से बिलगांव अजीतपारा गांव में भव्य शोभा यात्रा के साथ श्रीराम कथा का आगाज किया गया। कथावाचक पंडित देवेंद्र द्विवेदी महाराज ने पहले दिन श्रीराम कथा का महात्म्य सुनाया। कहा कि श्रीराम कथा के सुनने मात्र से जीव का कल्याण होता है। शुक्रवार से बिलगांव के प्रमुख स्थल श्री बड़े देव बाबा परिसर में श्रद्धालु भक्तों के जनसहयोग से सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। कथा शुभारंभ से पहले कथावाचक पंडित



देवेंद्र द्विवेदी जी महाराज की अगुवाई में गांव के मंदिरों में कलश पूजन यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर कौशल किशोर मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई। जहां कथावाचक श्री द्विवेदी ने पहले दिन की कथा में श्रीराम कथा का महात्म्य बताया और सभी को सुनकर जीवन में उतारने की सीख दी। कहा कि कथा सुनने मात्र से मनुष्य जीवन रूपी भवसागर से पार उतर सकता है। शोभायात्रा में राकेश शर्मा, अरुण पांडेय, निखिल शुक्ला, धीरज शर्मा, अतुल सिंह, डॉ राकेश कुशवाहा, फूल सिंह, रामरूप सिंह, संतु सिंह, मास्टर सिंह, अभिषेक सिंह, छोटू सिंह, कामता, संदीप, पिंकू, संतराम कुशवाहा, देवीचरण, प्रभाकर पांडेय शिवम सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुभक्त शामिल रहे। श्रीराम कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से सायंकॉल तक होगी।

# दो क्रेडिट कार्ड से दो लाख से अधिक की साइबर ठगी

## - आईफोन व मोबाइल खरीदने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। कस्बा निवासी नजर पत्नी अंकुर गुप्ता एक प्रतिष्ठित व्यापारी परिवार से संबंध रखती हैं जो साइबर ठगी का शिकार हो गईं। ठगों ने उनके दो अलग–अलग बैंक खातों से जुड़े क्रेडिट कार्डों के माध्यम से कुल 2 लाख 16 हजार 918 रुपये की ऑनलाइन खरीदारी कर ली। मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा स्थानीय साइबर सेल में दर्ज करा दी गई है। जानकारी के अनुसार कोटक बैंक की पटपड़गंज, दिल्ली शाखा के क्रेडिट कार्ड से 91 हजार 498 रुपये तथा एक्सिस बैंक की रूपईडीहा शाखा के क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 25 हजार 420 रुपये की अवैध खरीदारी की गई। बताया जा रहा है कि कोटक बैंक के कार्ड से रिलायंस डिजिटल से खरीदारी की गई, जबकि एक्सिस बैंक के कार्ड से लिपकार्ट के माध्यम से आईफोन एवं नथिंग फोन खरीदे गए। ऑनलाइन खरीदारी करने वाले व्यक्ति का नाम अंकिता प्रदर्शित हो रहा है। साथ ही मोबाइल नंबर 7500824924 तथा पता सुषमा हॉस्पिटल, सेक्टर–8, इस्माइलगंज दर्शाया गया है। घटना की जानकारी तब हुई जब पीड़िता के ई–मेल पर खाते से धनराशि कटने का संदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद श्रीमती नजर ने इसकी सूचना अपने पति अंकुर गुप्ता को दी। अंकुर गुप्ता ने बताया कि संबंधित सभी क्रेडिट कार्ड उनके पास सुरक्षित रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि न तो किसी ने उनसे ओटीपी मांगा और न ही किसी प्रकार की बैंकिंग जानकारी साझा की गई। अंकुर गुप्ता के अनुसार उन्हें केवल 7078142940 नंबर से एक कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें कॉल करने वाले ने स्वयं को कोटक बैंक का कर्मचारी बताते हुए बात की थी। कॉल पर "गौरव" नाम प्रदर्शित हो रहा था। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोई जानकारी साझा नहीं की, फिर भी खाते से इतनी बड़ी रकम निकल जाना समझ से परे है। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई तथा रूपईडीहा थाने की साइबर सेल में भी लिखित शिकायत दी है। अंकुर ने बताया कि मैने दोनो बैंकों को ईमेल के जरिए पूरी जानकारी दे दी है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मिशन शक्ति: छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना भरथना पुलिस द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान हेल्पलाइन नंबरों एवं साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं




अन्य लोगों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 का उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। पुलिस टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय सतर्कता बरतने की भी सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि आमजन को जागरूक और सुरक्षित बनाया जा सके।

# निजी आईटीआई संस्थानों की समस्याओं को लेकर त्वरित समाधान की मांग

## - प्राइवेट आईटीआई वेलफेयर एसोसिएशन ने रखीं प्रमुख मांगें, आंदोलन की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। प्राइवेट आईटीआई वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा निजी आईटीआई संस्थानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि निजी आईटीआई संस्थान प्रदेश में तकनीकी शिक्षा और युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वर्तमान में कई प्रशासनिक एवं आर्थिक चुनौतियों के कारण संस्थानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश मिश्रा एवं संरक्षक आशीष सिंह ने कहा कि निजी आईटीआई संस्थान लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन सरकार की कुछ नीतियों एवं प्रक्रियाओं के कारण संस्थानों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकार वार्ता में एसोसिएशन ने सरकार के समक्ष प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें फीस वृद्धि आदेश को तत्काल लागू करना, एनआईएमएस पोर्टल पर अतिरिक्त नोडल वेरिफिकेशन प्रक्रिया समाप्त करना, थर्ड शिट पुनः बहाल करना, पीएमकेवीआई 5.0 सहित अन्य कौशल विकास योजनाओं में निजी आईटीआई संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित करना, यूनिट साइज 40 से बढ़ाकर 45 प्रशिक्षणार्थियों तक निर्धारित करना तथा तकनीकी कारणों से पोर्टल पर हुई देरी पर लगाए गए भारी पेनल्टी आदेश को वापस लेना शामिल है। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती संचालन लागत, प्रशिक्षकों के वेतन, बिजली,



रखरखाव और अन्य प्रशासनिक खर्चों के कारण संस्थानों पर आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सरकार को निजी संस्थानों के हित में सकारात्मक निर्णय लेते हुए शीघ्र समाधान करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर के निजी आईटीआई संस्थान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि सरकार निजी आईटीआई संस्थानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र उचित निर्णय करेगी, जिससे तकनीकी शिक्षा व्यवस्था और अधिक सु.ढ़ होगी तथा प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोजगारपरक अवसर प्राप्त होंगे।

# बीएसए ने नवाबगंज ब्लॉक के विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विकास खंड नवाबगंज में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र के करीब एक दर्जन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज समेत प्राथमिक विद्यालय बाबागंज, जूनियर कंपोजिट विद्यालय बाबागंज, प्राथमिक विद्यालय दुविधापुर, जूनियर हाई स्कूल करीमगांव, प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर, कंपोजिट विद्यालय सहाबा, परमपुर, बख्शीगांव, गोकुलपुर और रंजीत बोझा का जायजा लिया। अब क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि विद्यालयों के इस सघन निरीक्षण के बाद क्या दोषी शिक्षकों पर वास्तव में कोई कड़ी कार्रवाई होगी, या फिर पूर्व की भांति खंड शिक्षा अधिकारी के हस्तक्षेप के चलते यह कार्रवाई केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएगी।

# बिजली चोरी के खिलाफ विभाग की कार्रवाई

## – लालपुरा व बरहीपुरा क्षेत्र में मॉर्निंग रेड, सात पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल द्वारा बिजली चोरी रोकने एवं बकाया राजस्व वसूली अभियान के तहत शुक्रवार को लालपुरा एवं बरहीपुरा क्षेत्र में सघन मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सात उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली उपयोग



करते पकड़ा गया, जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम 2005 की धारा–135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर उपखंड अधिकारी द्वितीय मनोज कुमार वर्मा एवं अवर अभियंता शिवम कुमार शर्मा के नेतृत्व में विजिलेंस टीम के साथ चलाया गया। जांच के दौरान कुछ उपभोक्ता अतिरिक्त केबल बाईपास एवं बिना वैध संयोजन के बिजली चोरी करते पाए गए। टीम ने मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य एकत्र किए और संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। कार्रवाई के दौरान कुल 10 किलोवाट विद्युत भार की चोरी पकड़ी गई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मीटर से छेड़छाड़, अतिरिक्त केबल जोड़कर अथवा बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपयोग करना दंडनीय अपराध है। विद्युत विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध विद्युत संयोजन लेकर ही बिजली का उपयोग करें तथा बिजली चोरी जैसी गतिविधियों से दूर रहें।

# 10 किलो 50 ग्राम अफीम के साथ दो गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। शुक्रवार को एएनटीएफ थाना बाराबंकी और थाना रुपईडीहा पुलिस टीम द्वारा बाबागंज से चरदा रोड पर दो व्यक्तियो को 10 किलो 50 ग्राम अफीम के साथ गिरतार किया गया है। जिनमें पंकज कुमार वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा निवासी ग्राम सोरहीया बाबागंज थाना रुपईडीहा व खिम बहादुर कार्की पुत्र खड़क बहादुर कार्की निवासी छींछू बाजार सुरखेत नेपाल शामिल हैं। जिन्होंने पूछने पर बताया कि अमर सिंह निवासी जाजरकोट नेपाल ने खीम बहादुर को पेट्रोल पम्प रूपैडिहा पर बुलाया और खेम बहादुर को अफीम दिया और कहा कि यह थैला कल्लू नाम के व्यक्ति को बाबागंज में दे देना और वह आपको 15 लाख रुपये देगा। रुपए लेकर नेपालगंज में आ जाना। इस काम के आपको दो लाख रुपये मिलेंगे। खीम बहादुर ने अपने पूर्व परिचित पंकज कुमार वर्मा उपरोक्त को पेट्रोल पम्प रुपईडीहा पर मोटरसाइकिल सहित बुलाया और दोनों लोग मोटरसाइकिल से अफीम लेकर बाबागंज चरदा रोड पर आये जिन्हें एएनटीएफ टीम एवं थाना स्थानीय ग्रुप रुपईडीहा पुलिस द्वारा गिरतार किया गया है। नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नमो नमो क्रांति फाउंडेशन का सम्मान समारोह संपन्न

## – पत्रकारों व ग्रामीणों को किया गया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाह–फतेहपुर। शाह कस्बे में आज नमो नमो क्रांति फाउंडेशन द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह



का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संगठन के जिलाध्यक्ष राधे मोहन अवस्थी के निवास पर किया गया। जहां नमो नमो क्रांति फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभ चतुर्वेदी के आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत सम्मान से हुई। जहां उन्हें गमछा, पगड़ी एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने फूल–मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सम्मान समारोह के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभ चतुर्वेदी द्वारा क्षेत्र के पत्रकारों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीणों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त करने वालों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभ चतुर्वेदी ने कहा कि नमो नमो क्रांति फाउंडेशन समाज सेवा के उद्देश्य से लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य लक्ष्य युवाओं को शिक्षित करना, उन्हें जागरूक बनाना तथा समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें सही दिशा देना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन हमेशा गरीब, असहाय एवं पीड़ित लोगों की मदद के लिए तत्पर रहता है। किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को सहायता पहुंचाने के लिए फाउंडेशन लगातार कार्य कर रहा है और आगे भी समाजहित में कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष राधे मोहन अवस्थी ने सभी अतिथियों पत्रकारों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन समाज के हर वर्ग को साथ लेकर सेवा कार्य करता रहेगा। समारोह का माहौल पूरे समय उत्साह और सम्मान से भरा रहा।

# कलेक्ट्रेट में पत्रकारों के लिए नहीं बैठने की कोई व्यवस्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार आज खुद मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पत्रकार समाचार संकलन, जनसमस्याओं के निराकरण एवं शासन–प्रशासन की गतिविधियों की कवरेज के लिए पहुंचते हैं। यही पत्रकार सरकार की योजनाओं का प्रचार–प्रसार



करते हैं। जनता की आवाज शासन तक पहुंचाते हैं और अधिकारियों के अच्छे कार्यों को प्रमुखता से सामने लाने का कार्य करते हैं लेकिन दुखद स्थिति यह है कि आज उन्हीं पत्रकारों के बैठने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में कोई समुचित एवं छायादार स्थान तक उपलब्ध नहीं है। भीषण गर्मी और धूप में पत्रकार घंटों खड़े रहने को मजबूर रहते हैं। सबसे गंभीर विषय यह है कि महिला पत्रकारों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छ शौचालय तक की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में पत्रकारों के बैठने हेतु छायादार स्थान, पत्रकार दीर्घा में पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। साथ ही दूर–दराज क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों एवं आम नागरिकों के लिए ठंडे पेयजल तथा विशेष रूप से महिलाओं के लिए साफ–सुथरे शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग उठाई गई। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि कलेक्ट्रेट जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र में यदि पत्रकारों एवं आम जनता के लिए मूलभूत सुविधाएं ही उपलब्ध नहीं होंगी, तो शासन–प्रशासन की छवि पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से जनहित एवं लोकतंत्र की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का गंभीरता से संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# पॉक्सो मामले में दोषी को उम्रकैद

## – पुलिस की प्रभावी पैरवी से मिली बड़ी सफलता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते पॉक्सो एक्ट के एक गंभीर मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। विशेष न्यायाध




ीश पॉक्सो एक्ट/एडीजे की अदालत ने थाना बकेवर क्षेत्र निवासी अभियुक्त सुभाष चन्द्र पुत्र बडेलाल निवासी सलेमपुर थाना बकेवर को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण वर्ष 2021 का है, जब थाना बकेवर क्षेत्र में नाबालिग पीड़िता के साथ आरोपी द्वारा कपड़े उतारकर दुष्कर्म किए जाने के संबंध में पीड़िता पक्ष द्वारा थाना बकेवर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में थाना बकेवर पर मुकदमा अपराध संख्या 396/2021 धारा 354ख, 376 भादवि एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त किया गया था। विवेचना के दौरान उपनिरीक्षक संजय सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना बकेवर पुलिस टीम, पैरोकार कांस्टेबल राहुल कुमार, मॉनिटरिंग सेल टीम तथा एडीजीसी आशीष तिवारी द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। गवाहों एवं साक्ष्यों को समय पर प्रस्तुत किए जाने के परिणामस्वरूप न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। पुलिस ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई एवं दोषियों को सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

# पुलिस की रिपोर्ट पर एक व्यक्ति के दो शस्त्र लाइसेंस निरस्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से इटावा पुलिस द्वारा एक व्यक्ति के दो शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराए जाने की कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित व्यक्ति के संबंध में पुलिस द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की थी। रिपोर्ट में लोक शांति एवं जनसुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की गई थी। जिसके क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा लोक शांति की सुरक्षा एवं लोक कल्याण के .ष्टिकोण से संबंधित व्यक्ति के दोनों शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की गई। लाइसेंस धारक की पहचान आशीष कुमार पुत्र स्वर्गीय सतगुरु शरण वर्मा निवासी 66ए पुरविया टोला, थाना कोतवाली के रूप में हुई है।

# एमडी जैन इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के मेधावियों का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज के उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावियों का सम्मान समारोह विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन और प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। नीरज कुमार जैन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए इस वर्ष के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक अंक एवं राज्य स्तरीय सूची में लाने के लिए प्रेरित किया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत.ष्ट रहा। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में कु आर्या जैन एवं तनिसा जैन ने 91.0 प्रतिशत, इच्छा कुमारी ने 90.33 प्रतिशत, वाशु देव ने 90.16 प्रतिशत, हर्ष जैन ने 89.83 प्रतिशत, प्रियांशु जैन ने 89.50



प्रतिशत, आफरीन बानो ने 88.16 प्रतिशत, संस्.ति गुप्ता ने 87.83 प्रतिशत, हिमानी सिंह ने 87.50 प्रतिशत और अनि ने 87.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। जैन ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कु गुनगुन ने 91.4 प्रतिशत, जनपद में दसवाँ स्थान प्राप्त गौरी शर्मा ने 89.20 प्रतिशत, ज्योति कुमारी ने 86.60 प्रतिशत, जैनब ने 83.00 प्रतिशत, ऐंजल यादव ने 81.40 प्रतिशत, गौरवी सिंह ने 80.60 प्रतिशत, प्राची शर्मा ने 80.20 प्रतिशत, अंकिना जैन एवं हिमांशु ने 79.60 प्रतिशत, सार्थक जैन ने 79.40 प्रतिशत, दीक्षा और मदन यादव ने 79.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी मेधावियों का सम्मान विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। कार्यक्रम का सफल संचालन अश्वनी कुमार जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संदीप जैन, संजय कटारा, राजकुमार, संजीव जैन, ध्रुव कान्त झा, सुनील जैन, शैलेन्द्र कुमार जैन, संतराम, सत्यपाल सिंह, प्रशान्त जैन, नितिन जैन, राजीव जैन, अमित जैन, मनोज जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, अंजय जैन, धीरज जैन, विष्णुमणि, निशान्त जैन, निर्भय जैन, शिवकुमार सिंह, योगेश श्रीवास्तव, रामगोपाल, हरिशंकर, परेश जैन, नितिन मिश्रा, राजेश सक्सेना, नितिन कुमार जैन, अंकित जैन, अमित कुमार जैन, कुलदीप जैन, मनोज शाक्य, विपुल जैन, सत्यकाम सिंह, विशाल यादव, मनीष जैन, नवनीत जैन, प्रेम चन्द्र निमेष, रामवीर सिंह, श्रीमती सुकीर्ति चतुर्वेदी, ज्योति जैन, प्रीती जैन, रंजना जैन, साधना मोडवेल, सारिका कुलश्रेष्ठ, स्वाति जैन, सरिता जैन, अंजली जैन,पारुल कुशवाह, साक्षी आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# निर्माण कार्यो में लापरवाही पर सख्त हुए डीएम

## - गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
## - स्कूल, अस्पताल, स्पोर्ट्स कॉलेज व सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनपद में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे राजकीय इंटर कॉलेज (अल्पसंख्यक) के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि नया शैक्षिक सत्र समय पर शुरू कराया जा सके। जिला कारागार में 24 बंदी क्षमता वाले हाई सिक्योरिटी बैरक के निर्माण कार्य में आरसीसी दीवारों के जॉइंट में पाई गई खामियों को तत्काल दुरुस्त कराने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड (इकाई–2) द्वारा सैफई में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में पत्थरों के जॉइंट सही ढंग से मिलाने एवं समुचित घिसाई कराने को कहा गया। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक, मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज की बाउंड्रीवॉल, मेडिकल कॉलेज में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विस्तार कार्य, ओपीडी भवन के रैंप, 300 बेडेड प्रसूति एवं स्त्री रोग ब्लॉक तथा पैरामेडिकल भवनों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भवन के निर्माण कार्य को गति देने तथा पोर्च को बड़ा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अग्निशमन केंद्र के आवासीय एवं अनावासीय भवनों तथा साइबर क्राइम थाने के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर निरीक्षण कराने को कहा गया। विकास खंड महेवा के ग्राम बहेड़ा में अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य को जल्द पूरा कर संचालन शुरू कराने के निर्देश दिए गए। जिला संयुक्त चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग, मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया गया। बैठक में शहर के पक्का तालाब के निकट स्थित ऐतिहासिक भवनों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा पिलुआ महावीर मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। सीएंडडीएस परियोजनाओं के अंतर्गत विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय ब्लॉक एवं



मल्टीपरपज हॉल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए। मॉडल कंपोजिट विद्यालय ममनी–हिम्मतपुर में सॉयल ट्रीटमेंट कार्य को प्राथमिकता देने तथा निरीक्षण के दौरान तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज में इंडोर मिनी स्टेडियम, डायट में अतिरिक्त कक्ष, ऑडिटोरियम एवं मीटिंग हॉल निर्माण कार्यों में आवश्यक तकनीकी सुधार करने के निर्देश दिए गए। भर्थना क्षेत्र में 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा बकेवर–सिंडोस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण तथा भर्थना बाईपास मार्ग के निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित में योजनाएं संचालित करती है, लेकिन कई बार संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाएं लापरवाही बरतकर उनकी गुणवत्ता और समयबद्धता को प्रभावित कर देती हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र तथा लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधवा पेंशन योजना के लिए पात्र महिलाओं से मांगे आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला भरण–पोषण अनुदान (विधवा पेंशन) योजना के अंतर्गत प्रदेश की मूल निवासी ऐसी महिलाएं जिनके पति की मृत्यु हो गई हो, परिवार की वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों से 02 लाख से अधिक न हो तथा उन्हे राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य योजना से पेंशन न प्राप्त हो रही हो, एकी.त पेंशन पोर्टल एसएसपीवाई–यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकती हैं। इच्छुक महिलाएं स्वयं, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा इंटरनेट कैफे के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के साथ रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, आयु प्रमाण–पत्र, आय प्रमाण–पत्र, पति का मृत्यु प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन से पूर्व बैंक खाते को आधार से लिंक कर एनपीसीआई कराना भी अनिवार्य होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि योजनान्तर्गत पूर्व आच्छादित लाभार्थी के खाते में यदि धनराशि नहीं पहुंच रही है तो लाभार्थियों के अपने आधार से लिंक बैंक खाते का एनपीसीआई न होना, पेंशन पोर्टल पर केवाईसी न होने, लाभार्थियों का बैंक में केवाईसी न होना तथा लाभार्थियों के सत्यापन में मृतक/पुनर्विवाह करने/आय सीमा में वृद्धि अथवा त्रुटिपूर्ण सत्यापन प्राप्त होने की स्थिति जैसे कारण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में पंजी.त समस्त लाभार्थी भुगतान सम्बन्धी किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रोबेशन कार्यालय के पटल सहायक के मोबाइल नम्बर 8004720538 पर सम्पर्क कर समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

# फिल्म 'दादी की शादी' बॉक्स ऑफिस पर कर रही शानदार प्रदर्शन

## -दर्शकों को भावुक कर रही परिवार और रिश्तों की कहानी

लखनऊ। आज के दौर में जहां फिल्मों में एक्शन और ग्लैमर



का बोलबाला देखने को मिलता है, वहीं कपिल शर्मा और नीतू सिंह स्टारर फिल्म दादी की शादी अपनी सादगी, भावनाओं और पारिवारिक मूल्यों की वजह से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना रही है। रिलीज के बाद से ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है और हर उम्र के दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी भावनात्मक कहानी और परिवार के रिश्तों को बेहद खूबसूरती से पेश करना माना जा रहा है। लंबे समय बाद ऐसी पारिवारिक फिल्म देखने को मिली है, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर एंजॉय कर सकता है। सोशल मीडिया पर भी फिल्म को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है और लोग इसे साल की सबसे बेहतरीन फैमिली एंटरटेनर बता रहे हैं। फिल्म में कपिल शर्मा ने अपने अलग अंदाज से दर्शकों को हंसाने के साथ भावुक भी किया है, जबकि नीतू सिंह की स्क्रीन प्रेजेंस और अभिनय को दर्शकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री और परिवार के इमोशन्स से जुड़ी कहानी लोगों के दिलों को छू रही है। सिनेमा हॉल से बाहर निकलते हुए कई दर्शकों ने फिल्म को दिल को छू लेने वाली और परिवार के साथ देखने लायक फिल्म बताया। खास बात यह है कि युवा दर्शकों के साथ–साथ बुजुर्ग और फैमिली ऑडियंस भी फिल्म से खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। ट्रेड एक्सपर्ट्स के अनुसार, फिल्म की मजबूत वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी और दर्शकों के शानदार रिव्यूज का सीधा असर इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि रिलीज के बाद दूसरे हफ्ते में भी फिल्म मजबूती के साथ कारोबार कर रही है और सिनेमाघरों में इसकी पकड़ लगातार मजबूत बनी हुई है। फिल्म दादी की शादी सिर्फ एक मनोरंजन फिल्म नहीं, बल्कि रिश्तों, परिवार और प्यार की खूबसूरत कहानी बनकर उभरी है, जिसे दर्शक दिल से अपना रहे हैं।

# महिलाओं व किशोरियों को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। समूह की दीदी महिलाओं एवं किशोरियों के लिए स्वास्थ्य, पोषण एवं माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं



को बेहतर स्वास्थ्य, संतुलित पोषण तथा माहवारी के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महिलाओं को पौष्टिक आहार, स्वच्छ जीवनशैली एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किशोरियों को माहवारी के दौरान साफ–सफाई रखने, सैनिटरी पैड के सुरक्षित उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया शुभ चिंतक इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चौधरी रघुवर दयाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में कार्यक्रम किया गया।

# नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा : तीन की मौत दो गंभीर




न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। थाना नानौता सिमा अंतर्गत ग्राम दरियापुर के पास सहारनपुर से नानौता की ओर आ रही स्कार्पियो अनियंत्रित होकर रोड से बाहर खड़े आम के पेड से टकराई। जिससे कार में सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई व दो अन्य घायल हो गए। शनिवार दोपहर बाद सहारनपुर से नानौता की ओर आ रही स्कार्पियो कार अनियंत्रित होकर रोड से बाहर खड़े आम के पैड से जा टकराई। कार में पांच युवक सवार थे जोकि पांचों युवक सहारनपुर में आयोजित सामाजिक न्याय पार्टी के कार्यक्रम से शामिल होकर वापस घर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि कार थाना नानौता क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरियापुर निकटवर्ती हाइवे पर अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर खड़े आम के पैड से जा टकराई। जिसमें शेखर पुत्र राजेश अमन पुत्र राजेश, धर्मेन्द्र पुत्र शेर, अंकित पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम कुवाखेड़ा व ड्राइवर दानिश हुसैन पुत्र मुंतयाज हुसैन निवासी नानौता सवार थे। हादसे की सूचना पर पहुंची थाना नानौता पुलिस ने एम्बुलेंस की मदत से घायलों को नानौता सीएचसी पहुंचाया जहां सीएचसी डॉ राठी द्वारा तीन युवकों शेखर पुत्र राजेश अमन पुत्र राजेश धर्मेन्द्र पुत्र शेर निवासी कुवाखेड़ा को मृत घोषित कर दिया व घायल अंकित पुत्र रामकुमार व ड्राइवर दानिश पुत्र मुंतयाज को गम्भीर अवस्था में हाई सेंटर रेफर किया गया। वहीं इस सम्बंध में थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी द्वारा तीनों मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा था परन्तु परिजन पोस्टमार्टम कराना नहीं चाह रहे। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया बताया जाता है कि मरने वाले तीनो युवक एक ही परिवार से थे। देर शाम समाचार लिखे जाने तक पुलिस स्थानीय लोगों की सहायता से पोस्टमार्टम के लिए समझती रही परन्तु परिजन मृतको के शव ग्राम कुवाखेड़ा ले गए। घटना की सूचना पर सामाजिक न्याय मोर्चा के जिलाध्यक्ष ईशम सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देविन्दर कश्यप परिजनों के घर पहुंचने की खबर दी गई।

# बीडीसी बैठक में तीन करोड़ के विकास कार्यो के प्रस्ताव पारित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुआ ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत समिति (बीडीसी) की बैठक संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में करीब 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में बीडीओ रत्नाकर त्रिपाठी, सीडीपीओ के. चंद्र, बीईओ हौसला प्रसाद,




लेखाकार मोहम्मद फुरकान अंसारी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया, जिसमें विकास योजनाओं और वित्तीय प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख संतोष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विकास गुप्ता ने बैठक में पहुंचकर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने–अपने क्षेत्रों की समस्याएं और विकास संबंधी प्रस्ताव रखे, जिन पर चर्चा के बाद स्वी.ति प्रदान की गई। लेखाकार मोहम्मद फुरकान अंसारी ने वित्तीय प्रस्तावों और विकास कार्यों से संबंधित बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया गया।

# ऑटो ई-रिक्शा एजेंसी का उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के नऊवाबाग स्थित सनी देव मंदिर टीवीएस एजेंसी के सामने बलवान मोटर योद्धा इलेक्ट्रिकल्स ऑटो रिक्शा शोरूम का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि



समाजवादी पार्टी के सांसद नरेश उत्तम पटेल व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया। शोरूम के संचालक और सभासद मोहम्मद आफताब ने जानकारी देते हुए बताया कि नई एजेंसी पर ग्राहकों के लिए सभी प्रकार के आधुनिक बैटरी ऑटो रिक्शा एवं रिक्शा उपलब्ध है। उन्होंने पर्यावरण अनुकूल परिवहन पर जोर देते हुए कहा कि मध्यवर्गीय परिवारों और स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए यह फाइनेंस की विशेष सुविधा की प्रदान की जा रही है। ताकि लोग आसानी से किस्तों पर ले सकें। उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्र के कई सम्मानित जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्य रूप से सभासद शादाब अहमद, अरुण यादव, विवेक यादव, सभासद विनय तिवारी, फारूक षामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में संचालक ने सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। इस नई एजेंसी के खुलने से स्थानीय स्तर पर प्रदूषण मुक्त परिवहन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई।

# हमदर्द लेबोरेटरीज ने शुरू किया हेल्दी इंडिया, हमदर्द इंडिया जागरूकता अभियान

## - कानपुर, बांदा, प्रयागराज, वाराणसी समेत अन्य जनपदों को करेगा कवर

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। हमदर्द लेबोरेटरीज भारत की अग्रणी और सबसे विश्वसनीय स्वास्थ्य और वेलनेस कंपनियों में से एक है। कंपनी ने आज लखनऊ से हेल्दी इंडिया, हमदर्द इंडिया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरुआत की। जो प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में हुई। यह एक बड़े स्तर की सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता पहल की शुरुआत है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा प्राप्त क्षेत्रों में निवारक स्वास्थ्य सेवा, पोषण जागरूकता और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत, 30 दिनों का एक अभियान पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के 30 शहरों को कवर करेगा, जिसमें जागरूकता अभियान, वेलनेस इंटरैक्शन, बीएमआई चेक-अप और सामुदायिक गतिविधियाँ शामिल होंगी। अभियान का पहला चरण लखनऊ से शुरू हो चुका है और यह कानपुर, बांदा, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, फैजाबाद और सीतापुर को कवर करेगा। इसके बाद पटना और भागलपुर से इसी तरह की पहल शुरू की जाएगी। लखनऊ में आयोजित इस लॉन्च में आयुष और यूनानी क्षेत्र के प्रमुख नामों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. नजमुस साहेर, डिप्टी




डायरेक्टर, सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन यूनानी मेडिसिन डॉ. जमाल अख्तर, डायरेक्टर यूनानी सर्विसेज, उत्तर प्रदेश डॉ. अब्दुल कावी, प्रिंसिपल, गवर्नमेंट यूनानी कॉलेज, लखनऊ डॉ. मोहम्मद खालिद सिद्दीकी, यूनानी विशेषज्ञ और इन्लुएंसरय और एराम यूनानी मेडिकल कॉलेज के डॉ. हलीम शामिल थे। जिन्होंने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यह अभियान राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष मंत्रालय के .ष्टिकोण के अनुरूप है और स्वास्थ्य और शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की हमदर्द की 120 से अधिक वर्षों की विरासत को आगे बढ़ाता है इस पहल पर बोलते हुए, हमदर्द लेबोरेटरीज इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग ट्रस्टी, अब्दुल मजीद सानी ने कहा कि हमदर्द में हम मानते हैं कि स्वास्थ्य जागरूकता और पोषण शिक्षा राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण आधार हैं। स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के माध्यम से, हम स्वस्थ जीवनशैली के विकल्पों को बढ़ावा देने और भारत भर के समुदायों को प्रभावित करने वाली पोषण संबंधी चुनौतियों को दूर करने में सार्थक योगदान देने का लक्ष्य रखते हैं। यह पहल सस्ती, सुलभ और समग्र स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमदर्द की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, साथ ही विश्वसनीय वेलनेस समाधान के माध्यम से समुदायों के साथ हमारे जुड़ाव को मजबूत करती है। यह पहल जागरूकता आधारित अभियानों और सार्वजनिक सहभागिता पहलों के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य सेवा और निवारक वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए हमदर्द के बड़े प्रयासों को भी आगे बढ़ाती है। इस साल की शुरुआत में, हमदर्द लेबोरेटरीज ने यूनानी चिकित्सा के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने और आधुनिक जीवनशैली और स्वास्थ्य चुनौतियों को समग्र उपचार के माध्यम से संबोधित करने में इसकी प्रासंगिकता को दिखाने के लिए डिस्कवरी चौनल पर यूनानी की कहानी नामक डॉक्यूमेंट्री लॉन्च की।

# एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं पीड़ितों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के



अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील . ष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया। महोबा पुलिस . समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ

# कुनाल सिंह का राष्ट्रीय किंक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। उत्तर प्रदेश स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में जनपद के दिलदारनगर स्थित मास्क किक बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर दिया। अकादमी के होनहार खिलाड़ी कुनाल सिंह का चयन उड़ीसा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जिस पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रतियोगिता में मास्क किकबॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अकादमी के कुल 15 खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक, मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि गाजीपुर की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं। उड़ीसा में आयोजित प्रतियोगिता में मास्क किकबॉक्सिंग अकादमी का झंडा बुलंद करने में अकादमी के मुख्य कोच अब्दुल सलाम खान सर का विशेष योगदान रहा। उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और बेहतरीन प्रशिक्षण के चलते खिलाड़ियों ने यह बड़ी सफलता हासिल की। क्षेत्र के लोगों, खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों और कोच अब्दुल सलाम खान को हार्दिक बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से दिलदारनगर सहित पूरे गाजीपुर जिले में गर्व और उत्साह का माहौल है।

# कंपोजिट विद्यालय हेतिमपुर में एसआरजी ने दिया प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। कंपोजिट विद्यालय हेतिमपुर के प्रांगण में अवस्थित एस्ट्रोलॉजी लैब के अंतर्गत आए हुए विभिन्न प्रकार के प्रैक्टिकल



हेतु आए विज्ञान संबंधी सामग्रियों की विधिवत प्रशिक्षण एवं डेमो एसआरजी रितेश सिंह द्वारा दिया गया। ज्ञातव्य है कि इस तरह का लैब सिर्फ दो विद्यालयों हेतिमपुर एवं रामपुर फुफुवाँ में हुआ। यह लैब पांच लाख रुपए से निर्मित किया गया है। इसमें खगोल विज्ञान से लेकर जीव विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान से संबंधित प्रयोग के सामन दिए गए हैं। इसमें एक दूरबीन भी दी गई है जिसके माध्यम से सूर्य को बिल्कुल अपने पास देख सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस प्रकार के लैब जनपद के निजी स्कूलों में भी उपलब्ध नहीं है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि ये हमारे विभाग के लिए गौरव का विषय है कि इस प्रकार के संसाधन हमारे विद्यालय में भी उपलब्ध कराए जा रहे है। इस अवसर पर एआरपी अरविंद कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि यह शिक्षा में मिल का पत्थर साबित होगा और विद्यालयों के बच्चों में प्रयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश पांडे, बृजेश त्रिपाठी, मनोज कुमार तिवारी, संतोष कुमार, निलेश, राधिका, रेनू सिंह, सुशीला, प्रियंका, संजना, मंगल, भगवान, अवधेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धांजलि देकर महात्मा टिकैत की मनाई पुण्यतिथि

## - पदचिन्हों पर चलकर किसानों के हक की लड़ाई लड़ने का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान



यूनियन के संस्थापक किसानों के मसीहा बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नहर कालोनी प्रांगण में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने टिकैत जी के चित्र पर फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने महात्मा टिकैत जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके पद चिन्हों पर चलकर किसानों के हक की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल ने कहा कि महेन्द्र सिंह टिकैत ने अपने जीवनकाल में किसानों के हक की लड़ाई खुलकर लड़ी। तमाम आंदोलन किए और किसानों को उनका हक दिलाने का काम किया। उन्होने कहा कि आज उनके नाम पर लोग किसानों को ठगने का काम कर रहे हैं। जिसे संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक उत्तम, प्रदेश सचिव राम सहाय पटेल, मण्डल महासचिव देवनारायण पटेल, जितेन्द्र पटेल, दिनेश शुक्ला, छोटेलाल सोनकर, यूसुफ तबरेज, कप्तान सिंह, विवेक सिंह, सुरेश पटेल, गंगा प्रसाद, बच्चीलाल फौजी आदि उपस्थित रहे।

# नीट पेपर लीक मामले को लेकर उठी आवाज

## - प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन, कड़ी कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नीट परीक्षा में सामने आए कथित पेपर लीक प्रकरण को लेकर जनपद में छात्रों, अभिभावकों एवं युवाओं में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में फतेहपुर से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई गई है। वीरांगना स्पोर्ट्स एकेडमी आर्मी ट्रेनिंग सेंटर के बैनर तले पहुंचे छात्रों ने दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में अनियमितताओं की खबरों ने लाखों मेहनती छात्रों और उनके अभिभावकों के विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य से सीधे जुड़ी हुई है, ऐसे में पेपर लीक जैसी घटनाएं शिक्षा व्यवस्था की विष्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा पेपर लीक में शामिल दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जरूरत पड़ने पर छात्रों के हित में परीक्षा दोबारा आयोजित करने पर भी




विचार किया जाए, ताकि सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर प्राप्त हो सके। ज्ञापन भेजने वालों ने प्रधानमंत्री से मामले का शीघ्र संज्ञान लेकर छात्रों के हित में प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। इस मौके पर वीरांगना ग्रुप के चेयरमैन अभिनेष मौर्य, अभय, सुधीर, षिवकरन, सुनीता, संत कुमार, मदनलाल आदि मौजूद रहे।

# पैदल चलकर कार्यालय पहुचे डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद में वाहन मुक्त दिवस का पालन करते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं पैदल ऑफिस जाकर एक शानदार मिसाल पेश की। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में, पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के संकल्प के



साथ एडीएम (नमामि गंगे) एवं अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारीगण भी इस मुहिम में शामिल हुए और पैदल चलकर कार्यालय पहुंचे। आइए, हम सब भी कार-पूलिंग और सार्वजनिक परिवहन को अपनाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## सम्बन्ध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी पत्नी अन्जुम बानो व शादीशुदा अपनी पुत्रियों जिकरा तबस्सुम सिजरा तबस्सुम की गलत हरकतो से आजिज आकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा अपनी पत्नी व दोनो पुत्रियो से कोई वास्ता नहीं है। अब इनके द्वारा किये जाने वाले किसी भी कृत्य अथवा लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी नही होगी। इब्राहिम पुत्र स्व0 पीरू शाह निवासी ग्राम करमचन्द्र सांड़ा थाना थरियांव जनपद फतेहपुर।

# आम की फसल को बचाने के लिए उद्यान विभाग की एडवाइजरी जारी

## - फल मक्खी व कैटरपिलर कीट से सतर्क रहने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश पाठक ने आम की फसल को हानिकारक कीटों और रोगों से बचाने के लिए किसानों एवं बागवानों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि मई से जुलाई के बीच फल मक्खी और कैटरपिलर/कटर कीट का प्रकोप तेजी से बढ़ता है, जिससे आम की फसल को 30 से 60 प्रतिशत तक नुकसान पहुंच सकता है।

उन्होंने बताया कि फल मक्खी कीट पक रहे फलों में अंडे देकर गूदे को नुकसान पहुंचाता है, जिससे फल सड़कर गिर जाते हैं और बाजार योग्य नहीं रह जाते। वर्षा ऋतु में तापमान और आर्द्रता बढ़ने से इन कीटों का प्रकोप और अधिक बढ़ जाता है। उद्यान विभाग ने किसानों को रासायनिक दवाओं के प्रयोग से पहले एकी.त नाशीजीव प्रबंधन (आईपीएम) अपनाने की सलाह दी है। इसके तहत बागों की नियमित सफाई, खरपतवार नियंत्रण, हल्की जुताई और गिरे हुए सड़े फलों को नष्ट करने पर जोर दिया गया है। विभाग ने छोटे फलों की बैगिंग करने, मिथाइल यूजीनॉल ट्रैप और क्यू ल्यूर ट्रैप लगाने की भी सलाह दी है। आम और अमरूद के बागों में 20 से 25 ट्रैप प्रति हेक्टेयर लगाने से फल मक्खी नियंत्रण में मदद मिलेगी। फल मक्खी नियंत्रण के लिए बैट एप्लीकेशन तकनीक के तहत गुड़, डेल्टामेथ्रिन और पानी का घोल बनाकर पेड़ों के तनों और आसपास की झाड़ियों पर छिड़काव करने की सलाह दी गई है। साथ ही नीम तेल का 10 से 15 दिन के अंतराल पर छिड़काव भी प्रभावी बताया गया है। अंतिम विकल्प के रूप में रासायनिक नियंत्रण हेतु डेल्टामेथ्रिन 2.8 प्रतिशत ईसी का घोल बनाकर फल तुड़ाई से 3 से 7 दिन पहले छिड़काव करने की सलाह दी गई है। वहीं कैटरपिलर कटर कीट को आम उत्पादकों के लिए गंभीर खतरा बताते हुए विभाग ने लाइट ट्रैप के प्रयोग की सलाह दी है। इसके अलावा क्लोरोपाइरीफॉस व साइपरमेथ्रिन मिश्रित दवा, इमामेक्टिन बेंजोएट अथवा स्पिनेटोरम दवा के छिड़काव की सलाह दी गई है। आवश्यकता पड़ने पर 8 से 10 दिन बाद दोबारा छिड़काव करने को कहा गया है। उद्यान विभाग ने किसानों से कीटनाशकों के प्रयोग के दौरान सावधानी बरतने की अपील करते हुए दस्ताने, मास्क और चश्मे का उपयोग करने, बच्चों व जानवरों से दवाओं को दूर रखने तथा खाली डिब्बों को सुरक्षित तरीके से नष्ट करने के निर्देश दिए।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा
विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन,
खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488



# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में आवेदन आमंत्रित

## – कारीगरों को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण व टूलकिट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के पारंपरिक कारीगरों के कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विष्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उपायुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए दर्जी, धोबी, मोची, कुम्हार, बढ़ई, लोहार, सुनार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं नाई समेत विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े लोगों को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन उत्तर प्रदेश एमएसएमई विभाग की वेबसाइट पर किए जाएंगे। योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाणपत्र, मानदेय तथा टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही पात्र लाभार्थियों को विभागीय ऋण योजनाओं के अंतर्गत नियमानुसार ऋण सुविधा भी प्रदान की जा सकेगी। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं जिसमें पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एससी/एसटी एवं ओबीसी वर्ग हेतु), आयु प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), संबंधित ट्रेड से जुड़े होने का प्रमाण पत्र, जिसे ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, नगर पंचायत/नगरपालिका अध्यक्ष अथवा सभासद द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। वह जनपद फतेहपुर का स्थायी निवासी होना चाहिए। योजना के अंतर्गत एक परिवार से केवल एक ही व्यक्ति को लाभ दिया जाएगा। उन्होंने इच्छुक लाभार्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

# वार्षिक कार्य योजना जिले के विकास की आधारशिला

## - जनप्रतिनिधियों के विधानसभावार दिए गए प्रस्ताव पर हुई चर्चा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद की वर्ष 2026–2027 की वार्षिक कार्य योजना के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद में विभिन्न मदों से कराए जाने वाले कार्यों, जैसे नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण, सु.ढ़ीकरण, सेतु निर्माण, धर्मार्थ कार्य, संपर्क मार्ग एवं निरीक्षण भवन आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही कार्यों के निर्धारित मानकों एवं शासन द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों से भी अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों द्वारा विधानसभावार दिए गए प्रस्तावों पर आवश्यकतानुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनहित एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं को .ष्टिगत रखते हुए प्रस्तावों को वरीयता में रखा जाए। उन्होंने कहा कि तैयार की जा रही यह वार्षिक कार्य योजना जनपद के समग्र विकास की आधारशिला है। क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों का स्थलीय भ्रमण कर गहन परीक्षण किया जाए तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए प्रस्ताव शासन स्तर पर प्रेषित किए जाएं, ताकि जनपद के विकास कार्यों को गति मिल सके। इस अवसर पर सांसद नरेश उत्तम, विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम आंबी में संदिग्ध परिस्थितियों में 25 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार आंबी गांव निवासी शत्रुघन सिंह के पुत्र चंदन ने बीती रात संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो फांसी के फंदे पर चंदन का शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ऊसर पुरवा गांव में परिजनों की डॉंट से क्षुब्ध होकर युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। परिजन उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ऊसर पुरवा गांव निवासी पुरूषोत्तम के 18 वर्षीय पुत्र नीलेश कुमार को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया। परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर उसने ज़हरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए हुसैनगंज सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका उपचार कर रहे हैं।

# बुजुर्गों को सामग्री देकर मनाई चौधरी टिकैत की पुण्यतिथि

## – गरीब, किसान व मजदूरों के लिए संगठन करता रहेगा संघर्ष : राजकुमार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधि ाकारियों ने मवइया स्थित वृद्धाश्रम व तांबेष्वर धाम में बुजुर्गों के बीच सामग्री वितरित कर किसानों के मसीहा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गरीब, किसान व मजदूरों के हितों के लिए संगठन संघर्ष करता रहेगा।



किसानों के मसीहा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि को सादगी के साथ मनाया गया। संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मवइया स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। जहां बुजुर्गों के बीच फल व अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया तत्पश्चात तांबेश्वर धाम में भी उपस्थित लोगों को सामग्री वितरित की गई। जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने कहा कि संगठन के लोगों ने निर्णय लिया है कि गांव गरीब, किसान मजदूरों के लिए संगठन सदैव संघर्ष करता रहेगा और गांव–गांव किसानों को संगठन से जोड़ा जाएगा। किसानों के अधिकांश समस्याओं के समाधान के लिए ध ारना–प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर प्रीतम सिंह, छोटे सिंह, डा0 लल्लन, अंकित सिंह चौहान, दीपक गुप्ता, महेन्द्र सिंह भदौरिया, बबलू सिंह, सोनू सिंह, उमेश सिंह परमार, सोनू सिंह, अजय सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह, पुत्तन द्विवेदी, नरसिंह यादव, विकास सिंह, शिवदेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# दो और अभियुक्तों को खागा पुलिस ने दबोचा

## - जमीनी विवाद में पीट-पीटकर युवक की हुई थी हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जमीन विवाद को लेकर हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो और वांछित आरोपियों को गिरतार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो बांस के डंडे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरतारी अभियान के तहत खागा पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक मु0अ0सं0 140/2026 से संबंधित हत्या के मुकदमे में प्रकाश में आए राहुल कुमार और विक्रम उर्फ मुकेश कुमार को गुरुवार रात गिरतार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल कुमार पुत्र जुगराज सिंह व विक्रम उर्फ मुकेश कुमार पुत्र होरीलाल निवासी ग्राम धरमंगदपुर नरवा थाना खागा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी घटना के बाद फरार



चल रहे थे और बाहर भागने की फिराक में साधन का इंतजार कर रहे थे, तभी पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ग्राम प्रधान भूपेन्द्र उर्फ मदन सिंह और उनके परिवार ने जय सिंह से 13 बिसवा जमीन खरीदी थी। जमीन की रजिस्ट्री के बाद भुगतान का कुछ हिस्सा बाकी था, लेकिन दाखिल–खारिज में आपत्ति लगने से विवाद गहराता चला गया। इसी रंजिश को लेकर 9 मई को खेत में पानी लगाने के दौरान फूल सिंह और दूसरे पक्ष के लोगों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि गुस्से में आकर आरोपियों ने फूल सिंह पर लाठी–डंडों और लोहे की पाइप से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद फूल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी हथियार झाड़ियों में फेंककर फरार हो गए थे। पुलिस ने बताया कि इससे पहले 12 मई को इस मामले में छह वांछित अभियुक्तों समेत सात लोगों को गिरतार कर जेल भेजा जा चुका है। अब तक कुल नौ आरोपी पुलिस गिरत में आ चुके हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार राहुल कुमार के खिलाफ पहले से आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज है, जबकि विक्रम उर्फ मुकेश कुमार पर दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के तहत भी मामला दर्ज बताया गया है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रामआशीष यादव, उपनिरीक्षक .ष्ण कुमार यादव, राहुल कुमार पाण्डेय समेत खागा थाना पुलिस और इंटेलीजेंस विंग की टीम शामिल रही।

# डेंगू पीड़ित युवक सड़क हादसे में घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इलाज कराने जिला अस्पताल जा रहे डेंगू पीड़ित युवक का रिक्शा शुक्रवार सुबह सड़क हादसे का शिकार हो गया। तेज रतार बाइक की टक्कर से रिक्शा पलट गया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के सातों धर्मपुर गांव निवासी 45 वर्षीय विनोद चौरसिया पिछले कई दिनों से डेंगू से पीड़ित थे। शुक्रवार सुबह वह रिक्शे से जिला अस्पताल इलाज कराने जा रहे थे। तभी थरियाव थाना क्षेत्र के हसवां मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रतार बाइक ने रिक्शे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रिक्शा पलट गया और विनोद चौरसिया उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल विनोद ने अपने भाई मनोज चौरसिया को फोन कर सूचना दी। मनोज चौरसिया मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस को बुलाया। इसके बाद भतीजे अनिल की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कर लिया।

# मजदूरी बढ़ाए जाने को लेकर माकपा ने किया आंदोलन

## - ग्राम पंचायत अधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के नेतृत्व में जिले की विभिन्न






ग्राम पंचायतों पर ग्रामीण मजदूरों ने धरना–प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम ग्राम पंचायत अधिकारियों के माध्यम से प्रेषित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) के तहत वर्ष 2012 के बाद से पर्याप्त बजट आवंटन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण मजदूरों को 100 दिनों के बजाय औसतन 50 दिन से भी कम रोजगार मिल पा रहा है। साथ ही मजदूरी दर कम होने और समय पर भुगतान न मिलने की समस्या भी उठाई गई। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वीबी राम जी योजना मजदूरों के हित में नहीं है, क्योंकि इसमें केवल 125 दिन रोजगार और खेती के समय 60 दिन काम न देने का प्रावधान है। इसे वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में मनरेगा को पुराने स्वरूप में बहाल करना, साल में 200 दिन रोजगार और 700 रुपये दैनिक मजदूरी निर्धारित करना, बकाया मजदूरी का तुरंत भुगतान, तथा बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग मजदूरों को 10,000 रुपये मासिक पेंशन देना शामिल है। यूनियन ने यह भी मांग की कि सभी ग्रामीण मजदूरों को मुत बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं, स्नातक तक मुत शिक्षा और पक्के आवास उपलब्ध कराए जाएं। इस मौके पर नरोत्तम सिंह, जगरूप भार्गव, राम सिंह मौजूद रहे। इसी तरह मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सिथौरा ब्रांच में यूनियन के जिलाध्यक्ष सुमन सिंह चौहान के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सिथौरा के ग्राम पंचायत सचिव जिला मंत्री राम.ष्ण हेगड़े के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अधिकारी कूरा जिला कार्यकारिणी सदस्य छोटेलाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अधिकारी दंडवा जिला कार्यकारिणी सदस्य कयामुद्दीन के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अधिकारी मिर्जापुर तथा प्रांतीय सचिव फूलचंद पाल के नेतृत्व में बुद्धिमान ग्राम पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर कामरेड राम प्रकाश, कामरेड रामचंद्र, कामरेड मोतीलाल प्रजापति, कामरेड जंग बहादुर सिंह, कामरेड चंद्रशेखर सिंह, कामरेड मन्नालाल, कामरेड प्रेम गुप्ता, भूप सिंह यादव, भोग साहू, महेंद्र सिंह, कामरेड खुर्शीद सहित तमाम खेत मजदूर कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# वाटर बेल लगाकर कर सकते हैं जल संरक्षण

## – नशे के प्रति रेडक्रास के कार्यकारी चेयरमैन ने किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के कार्यकारी चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने मुस्लिम इंटर कालेज में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिथीन हटाओ इकोब्रिकस बनाओ, सीपीआर प्रशिक्षण, नशामुक्ति जागरूकता, चिकनपॉक्स व हीटवेव बचाव अभियान चलाया। डॉ अनुराग ने छात्रों को जल संरक्षण हेतु वाटर बेल लगाने, सड़कों को सींचने में न बहाने के लिए निवेदन करने के लिए कहा। साथ ही स्वयं



व अपने रिश्तेदारों को आरओ से निकलने वाले व्यर्थ पानी को एकत्र कर उपयोग में लेने के लिए जागरूक किया।

विद्यालय के सभी अध्यापकों को जल संरक्षण जागरूकता निवेदन पत्रक इस आशय से दिया कि इस पत्रक को व्हाट्सएप के माध्यम से सभी बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक किया जाये। पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथिन हटाने के लिए इकोब्रिकस बनाने की विधि बताई जिससेघरों में आने वाली पॉलिथीन भूमि में वापस नहीं जा पाएगी। डॉ अनुराग ने सभी बच्चों व अध्यापकों को सीपीआर प्रशिक्षण देकर जागरूक किया कि एक वर्ष से ऊपर किसी भी उम्र के व्यक्ति को 30 बार दबाव व दो बार सांस देकर तथा एक वर्ष के बच्चे को 15 बार दबाव व दो बार सांस देकर अस्पताल पहुंचने से पहले देकर जान बचा सकते हैं। नशामुक्ति अभियान के तहत नशे की वस्तुओं से दूर रहने हेतु जागरूक किया। अंत में सभी बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की। हीट वेव से बचाव हेतु सिर में टोपी लगाने व तरल पदार्थों के अधिक उपयोग हेतु बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रफीक अहमद, अध्यापक कमाल अहमद सिद्दीकी, मोहम्मद फारूक, फैज आलम सहित प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य प्रेमचंद्र मौर्य उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक परेड में एसपी ने परखा पुलिस बल का अनुशासन

## – लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर पुलिस बल की कार्यक्षमता और अनुशासन का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं,



यातायात शाखा का निरीक्षण भी किया। परेड के दौरान पुलिस कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई। वहीं टोलीवार ड्रिल का निरीक्षण करते हुए एसपी ने अनुशासन और एकरूपता को और प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, कैंटीन, वर्दी स्टोर, आवासीय कॉलोनी, परिवहन शाखा, यूपी–112 शाखा और पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने और कर्मचारियों की सुविधाओं से जुड़े आवश्यक निर्देश भी दिए गए। साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न अभिलेखों और रजिस्टरों की जांच करते हुए एसपी ने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रेलवे लाइन के पास जंगल में मिला अज्ञात शव

न्यूज वाणी ब्यूरो/चौडगरा, फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के ग्राम सादीपुर स्थित रेलवे लाइन के निकट जंगल में एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने के प्रयास शुरू किए। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष से अधिक प्रतीत हो रही है। शव पर केवल नेकर था। दोनों पैरों में मिट्टी लगी हुई है जबकि दोनों हाथों की मुट्ठियां बंधी हुई है। हाथ शरीर के ऊपर की ओर स्थिर अवस्था में थे। मृतक की एक आंख खुली व दूसरी बंद थी। शरीर पर किसी प्रकार के चोट, घाव या बाहरी निशान नहीं पाए गए। पुलिस ने आसपास के गांव और थानों में शव की शिनाख्त के लिए सूचना भेजी लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )